हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री



10 समिति 27 को निकलेगी कांवड़ यात्रा, पोस्टर का किया विमोचन


11 सेहत की पाठशाला में बीमारी से बचाव की दी जानकारी







**दिल दहलाने वाली घटना :** राजधानी से लगे अमलेश्वर थाना क्षेत्र का मामला

# पुरानी रंजिश के कारण चचेरे भाई पर चापड़ से ताबड़तोड़ हमला कर गला काटा, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राजधानी रायपुर से लगे दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में सोमवार को दिल दहला देने वाली वारदात हुई। जिस चापड़ से बकरा काटा जाता है उससे एक युवक का गला खुद उसके चचेरे भाई ने काट दिया। मामला अमलेश्वर थाना अंतर्गत झीट गांव का है। प्रत्यक्षदर्शी ने हरिभूमि को बताया कि 30 वर्षीय इकबाल खान झीट में पान की दुकान चलाता है। उसके बड़े पिता का लड़का अन्नू जो कि आदतन अपराधी किस्म का है, वो इकबाल से पुरानी रंजिश रखता था। सोमवार दोपहर 2 बजे के करीब जब इकबाल दुकान में बैठा तो अन्नू चापड़ लेकर आया और उससे गाली गलौज करने लगा। इकबाल ने अन्नू को ऐसा करने से मना किया और दुकान से बाहर आया तो अन्नू ने उसके गले में चापड़ से ऐसा वार किया कि उसका आधा गला कटकर लटक गया। इसके बाद भी अन्नू का गुस्सा शांत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो अन्नू ने खून से सने चापड़ से इकबाल के सिर और गले में करीब 10-11 वार किया। इसके बाद वो मौके से फरार हो गया।

**चापड़ लेकर किया वार, नहीं पसीजा दिल, कहा- जेल जाने को हूं तैयार**



### आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

टीआई आरएन ध्रुव ने बताया कि जब तक पुलिस झीट पहुंची आरोपी वहां से फरार हो चुका था। उसे काफी तलाशा गया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए उसके पिता और परिजनों को उठाया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### हालत गंभीर, डीकेएस रायपुर में चल रहा इलाज

सूचना मिलते ही इकाबल के परिजन और आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इकबाल को गंभीर हालत में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत के चलते डीकेएस रायपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक इकबाल की हालत गंभीर बनी हुई है। अमलेश्वर थाना प्रभारी आरएन ध्रुव रायपुर के तहसीलदार के साथ उसका मरने से पहले कथन लेने पहुंचे हैं।

### काफी देर तक लहराता रहा चापड़

घटना के देखने वालों का कहना है कि आरोपी के सिर में खून सा सवार था। उसने अपने चचेरे भारी पर जानलेवा हमला करने के बाद वहीं पर काफी देर तक चापड़ लेकर दिखाता रहा। डर के मारे कोई उसके पास नहीं गया। जब वो वहां से भाग गया तो लोगों ने इकबाल को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पुलिस खंगाल रही मृतक के वाट्सएप मैसेज।

■ वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना, मृतक के दो छोटे बच्चे

कर्ज से परेशान व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक राजीव नगर कैम्प-1 निवासी दीपक नौरंगे (33 वर्ष) बताया गया है। घटना शनिवार सुबह की है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। शव को पीएम के लिए भेज दिया। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मृतक दीपक कर्ज से परेशान था। उसने मकान में साड़ी को फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतक विवाहित है, उसके दो बच्चे हैं। घटनास्थल पर पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के मुताबिक घटना के दो दिन पहले निवास पर कोई आया था। पत्नी गीता से दीपक के बारे में पूछा। उसके बाद बुरा-भला कहकर लौट गया। मृतक के निवास में सीसी कैमरा भी लगा है। दीपक की आत्महत्या का कारण अज्ञात है।



पुलिस को दीपक के पास से एक मोबाइल मिला है, जिसे पुलिस खंगाल रही है। दीपक की मां के मुताबिक बेटा पैसा लाया करता था, लेकिन क्या करता था क्या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। वैशाली नगर टीआई अमित अडानी ने बताया कि मोबाइल मिला उससे जानकारी जुटाई जा रही है। सारे नंबरों को चेक किया जा रहा है। फिलहाल जांच की जा रही है। दीपक के आत्महत्या करने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

**उठाया था बीसी का पैसा:** मृतक की मुंह बोली बहन प्रीति साव ने बताया कि दीपक ने बीसी का पैसा उठाया था। बीते 6 माह से लेनेदन इसका सही नहीं था। बात व्यवहार में दीपक ठीक था। प्रीति को दीपक बहन मानता था। अचानक से घर में दीपक आत्महत्या कर लिया, समझ से परे है। पुलिस उसके मोबाइल को साथ लेकर गई है। घर में लगे सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक लाइन अटैच

**भिलाई।** काम के प्रति लापरवाही बरतने वाले नंदिनी थाने में पदस्थ आरक्षक को एसएसपी ने लाइन अटैच की कार्रवाई की है।ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि आरक्षक माणिक चंद धनुषकर को काम में लापरवाही करने के कारण लाइन अटैच की कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरक्षक द्वारा शराब तस्करों से सांठगांठ करने को लेकर पुलिस अफसरों को जानकारी हुई। उसके बाद एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर कर दिया।आरक्षक की लगातार शिकायतें मिल रही थी।

### युवती से छेड़खानी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** युवती के साथ छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी युवती अपनी भाभी के साथ पैदल जा रही थी। तभी जुनैद शेख नामक युवक बाइक में पहुंचकर युवती को पहले चाकू दिखाया। उसके बाद युवती ने मोबाइल निकालकर वीडियों बनान शुरु किया तो चाकू अंदर रख लिया। जुनैद 2024 से युवती को इंस्टाग्राम में भी मैसेज किया करता था। लोक लाज की डर से युवती शिकायत नहीं कर रही थी। परेशान होकर घटना की शिकायत अपने भाई को बताने के बाद माहौल गर्म हो गया। बजरंग दल के भी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोपी जुनैद शेख को गिरफ्तार करने का दबाव बनाया गया।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर राशि दोगुना करने अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में पुलिस ने दुर्ग पोटिया के राजा नटवरलाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 2 वर्ष में रकम को दोगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य ने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की। इस मामले में कसडोल पुलिस ने 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। आरोपियों ने कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के लोगों को शिकार बनाया। पुलिस ने सबसे पहले आरोपी राजा नटवरलाल उर्फ दिवाकर अवसरिया को हिरासत में लिया। दिवाकर ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू सहित अन्य के साथ मिलकर धोखाधड़ी की साजिश रचने की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी से 4 मोबाइल, विभिन्न बैंक के 5 पासबुक, चेक, एटीएम, पैसा लेनदेन का रजिस्टर, जमीन खरीदी-बिक्री संबंधी पेपर, अन्य कागजात, सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी 9 लाख 71 हजार जब्त किया। मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राजा नटवरलाल ने दुर्ग, रायपुर, कवर्धा, महासमुंद, बिलासपुर में भी ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस रायपुर, दुर्ग के मोहन नगर थाने और कवर्धा के सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपी रामनारायण शासकीय शिक्षक है। मामले में अनीता साहू, रानी साहू, अनिल शंकर, राम नारायण साहू, जानकी साहू, देवनारायण साहू, गुलशन साहू सहित अन्य की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस की जांच जारी है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के दो साल पुराने मामले में आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने उकसाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वर्ष 2024 शीतला पारा हथखोज में गणेश मूर्ति स्थापित किया गया था। जहां तेज आवाज पर साउंड बाक्स पोंगा बज रहा था। इस दौरान धन्नूलाल साहू हार्ट की परेशानी होने से साउंड बाक्स व पोंगा के आवाज को धीरे करने की बात समिति वाले को दिया। वार्ड 2 हथखोज निवासी गौरव उर्फ गोल्डी वर्मा के साथ धन्नू का विवाद हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची टीम ने दोनों पक्षों को समझाकर निकल गई। उसके बाद फिर से साउंड बाक्स तेज आवाज में चलाना शुरु किया गया। इस दौरान धन्नू लाल मकान के स्टोर रूम के कमरा में लोहे के एंगल में नाईलोन की रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। घटनास्थल से मिले सुसाईट नोट में गौरव वर्मा के प्रताड़ना से आत्महत्या करना लिखा हुआ था। पुलिस जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में भिलाई-3 टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज उनकी टीम का योगदान रहा है।

# एसीसी कॉलोनी में 7 मकान का ताला टूटा, तस्वीर कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ जामुल पुलिस कर रही जांच डॉगस्कॉड की टीम भी पहुंची

जामुल थाना अंतर्गत एसीसी कॉलोनी में एक दिन में 7 घरों के ताले टूटे। एक साथ सात मकानों को आरोपियों ने निशाना बनाया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खबर लगते ही पुलिस डॉगस्कॉड के साथ मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस को चोरी का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को तलाश रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि एसीसी फैक्ट्री द्वारा बनाई गई कॉलोनी के 7 मकानों में सी 13 तपन कर्माकर, सी 9 सूर्याकांत, डी 47 विश्वास सोनी, एसएस क्यू 27 मुकेश चंद्रा , डी 43अविनाश, डी 7 कमलेश किचरे और सी 4 का ताला तोड़ा गया है। इसमें एक मकान से नगदी 20 हजार, सोना चांदी के जेवरात गायब है। इसके अलावा अन्य मकानों में निवास करने वाले सभी अवकाश पर बाहर गए हुए थे। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर चोरी की जानकारी दी। एसीसी कॉलोनी के बाहर गार्ड तैयार रहता है, लेकिन मकानों को चोरों ने कैसे निशाना बनाया है। एसीसी कॉलोनी के रेसिडेंसी के मुख्य गेट पर सीसी कैमरा लगा हुआ है। इसे पुलिस खंगाल रही है।

## चाकू लगने से युवक की मौत, गिरफ्तार

**भिलाई।** कट मारने को लेकर हुए विवाद में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना में पुलिस ने नाबालिग को पकड़ लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि अटल आवास बोरसी निवासी मनोज महतो माली का काम करता है। बाइक से नाबालिग कट मार दिया जिससे मनोज सड़क पर गिरने वाला था। इसे लेकर मनोज ने नाबालिग को समझाने का प्रयास किया। नाबालिग ने मनोज महतो के साथ मारपीट कर चाकू से वार कर फरार हो गया। गंभीर अवस्था में मनोज को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मनोज ने दम तोड़ दिया। पुलिस को घटना की जानकारी लगते ही नाबालिग को तुरंत ट्रेस कर पकड़ा गया। शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।









# कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से लाइन, कांवड़ लेकर दर्शन को पहुंच रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदू पंचांग का पांचवां महीना सावन भगवान भोले को अत्यधिक प्रिय है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को श्रावण माह का पहला सोमवार रहा। जिले में मुख्य आकर्षण शिव मंदिर देवबलोदा में देखने को मिला, जहां सुबह 4 बजे से भक्त भगवान शिव के दर्शन को पहुंचने लगे। मंदिर में जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा के लिए भक्त कतारों में घंटों खड़े रहे। पंडितों ने बताया कि इस बार 4 सोमवार पड़ रहे हैं। 11 जुलाई को सावन माह की शुरुआत हुई। 14, 21, 24 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार पड़ रहे हैं। 9 अगस्त रक्षबंधन के दिन पूर्णिमा के रोज सावन मास का समापन होगा। सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि-विधान से की जाती है। इसलिए देवबलोदा में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खारून नदी से जल लाकर भक्तों ने जल चढ़ाया। कांवड़ यात्रा निकालकर भक्त पूरे दिन मंदिर परिसर में पहुंचते रहे। जल के साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड़, इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई। शिव चालीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप करते भक्त नजर आए।



## भक्तों का लगता है रेला

मंदिर के सामने नंदी मंडप और इसमें विराजित नंदी भी देखने लायक है। मंडप में बनी कई प्राचीन मूर्तियां बनी हुई है। मंदिर का दूसरा द्वार जो कुंड की ओर खुलता है, उसके प्राचीन पिलर हैं। पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी ने बताया कि सोमवार को सुबह से ही भक्तों का रेला लगा रहा। यहां कोई पुजारी नहीं है, लेकिन मंदिर रोजाना सुबह 6 से शाम 6 बजे तक खुले रहता है। हर सोमवार मंदिर परिसर में खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया है। वहीं अंतिम सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम और जस गायन का आयोजन किया जाएगा।

## देवबलौदा में विधि विधान से हो रही पूजा



## 12वीं-13वीं शताब्दी पुराना है कल्चुरी कालीन शिव मंदिर

पुरातत्व विभाग और स्थानीय लोगों की मानें तो यह मंदिर 12-13वीं शताब्दी पुराना कल्चुरी कालीन पुराने शिव मंदिर है। पिछले दिनों बीएसपी ने इसे गोद लेकर इसके सौंदर्यीकरण का निर्णय भी लिया है। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और बीएसपी के बीच अनुबंध हुआ है। सीएसआर मद से यह राशि खर्च की जानी है। मंदिर में मुख्यद्वार, नंदी मंडप, मंदिर का मंडप, गर्भगृह और यहां बनी प्राचीन कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र है।गर्भ गृह के मुख्यद्वार पर लगे भगवान गणेश और स्वामी कार्तिकेय की प्राचीन मूर्तियां टूट गई हैं।

## खबर संक्षेप



### महाविहार मुक्ति आंदोलन का बसपा ने किया समर्थन

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओ ने आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम एवं समस्त बौद्ध संगठनों के तत्वधान में महाबोधी महाविहार बौद्ध गया में बीटी एक्ट 1949 को निरस्त करने तथा बौद्ध गया को गैर बोद्धों के कब्जे से मुक्त कराने दुर्ग जिले में लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बसपा ने धरना स्थल पर जाकर प्रदर्शनकारियों व बौद्ध भिक्षुओं से मिलकर उनकी मांगों का पूर्ण समर्थन कर इनकी मांगों को राज्यसभा में उठाने का वादा किया इस मौके पर शहर विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई, बंटी चौरे, देवा आनंद कुंभकार, मुकेश महिलागे, राधेश्याम प्रसाद, भारत जोशी, चैन सिंह धृतलहरे, एलडी मासुलकर, जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, रमेश कुर्रे, प्रखर, मदन व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

**सरकारी फरमान बेअसर :** व्यवहार ठीक नहीं होने को बताया कारण

# विधायक की अनुशंसा पर तबादला अधिकारी जिला छोड़ने तैयार नहीं

**एक सप्ताह के अंदर नई पदस्थापना वाली जगह में लेनी है ज्वाइनिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गृह मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 30 जून 2025 को लोक अभियोजन विभाग के 29 अधिकारियों का तबादला अलग अलग जिलों में किया गया था। इस आदेश में दुर्ग के लोग अभियोजन विभाग में पदस्थ उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल का नाम भी शामिल था। उन्हें दुर्ग से बालोद का उप निदेशक बनाया गया। बता दें कि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने खुद गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर अनुरेखा चंदेल का तबादला दूसरे जिले में करने की अनुशंसा की थी। विधायक ने पत्र में आरोप लगाया था कि उप निदेशक अनुरेखा चंदेल का व्यवहार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के प्रति ठीक नहीं है। उनका सभी से अनावश्यक वाद विवाद होता रहता है, इसलिए इनका ताबादला दूसरी जगह किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि इनकी कार्यशैली शासन की योजना के अनुरूप नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विधायक की अनुशंसा के बाद अनुरेखा सिंह चंदेल का तबादला बालोद जिला हुआ है। 30 जून को तबादला आदेश जारी होने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अनुरेखा दुर्ग से रिलीव नहीं हुई हैं।




### पुलिस महानिदेशक के आदेश पर हैं जिले में

इस बारे में जब उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी जगह ज्वाइन करने के लिए अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में अवगत कराया है। जब उनका आदेश होगा तो वो बालोद ज्वाइन कर लेंगी। डीडीओ पावर होने के चलते वो बिना अधिकारी के आदेश रिलीव नहीं हो सकती हैं।

### अपने अधीनस्थ अधिकारी को नियम के तहत कर दिया रिलीव

तबादला होने के बाद भी अनुरेखा सिंह के रिलीव ना होने के बाद अब कार्यालय में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि गृह मंत्रालय से ही यहां पदस्थ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पाटन राघवेंद्र पाण्डेय का तबादला दूसरी जगह हुआ था। वो मेडिकल लीव पर थे, लेकिन उप निदेशक अनुरेखा चंदेल ने शासन को पत्र लिखा कि शासन की स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका 1.12 के तहत राघवेंद्र पाण्डेय को एक सप्ताह के अंदर आदेशित स्थान बालोद में ज्वाइन करना है। वो मेडिकल लीव पर हैं, इसे देखते हुए उन्हें एकपक्षीय कार्यमुक्त करके बालोद भेजा जाता है। कर्मचारियों और अधिकारियों का कहना है कि अनुरेखा चंदेल दूसरे को नियम के तहत भेज सकती हैं तो वो नियम उनके ऊपर क्यों लागू नहीं हो रहा है।

# समिति 27 को निकलेगी कांवड़ यात्रा, पोस्टर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिवनाथ कांवड यात्रा समिति की बैठक हुई। जिसमें 27 जुलाई को कांवड यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा कुम्हारी के खारुन नदी से जल लेकर दुर्ग शिवनाथ नदी के भूतेश्वर महादेव में अर्पित की जाती है यात्रा की कुल दूरी 33 किमी की होती है, जिसमें हजारों शिवभक्त कांवड लेकर बोल बम के नारों के साथ नाचते झूमते चलते हैं। समिति के संरक्षक उपकार चंद्राकर ने समिति के अन्य सदस्यों के कार्यों का विभाजन किया। जिसमे कार्यक्रम संयोजक विपिन चंद्राकर एवं सह संयोजक तेजस पाल व आशीष शुक्ला को बनाया गया। कार्यक्रम प्रमुख के रूप में सुरेंद्र साहू, विकास अग्रवाल, आकाश ठाकुर को यात्रा प्रमुख वरुण यादव व सह प्रमुख कुलदीप शर्मा, कृष्णा साहू, अखिल वर्मा को बनाया गया। अन्य दायित्वों का भी विभाजन समिति के सदस्यों के मध्य किया गया। साथ ही कांवड यात्रा के पोस्टर का भी विमोचन समिति द्वारा किया गया। बैठक में समिति के सदस्य तुलसी ध्रुव, बालमुकुंद वर्मा, अंजय पांडेय, रुपेन्द्र यादव, अजय साहू, महेंद्र साहू, हर्षित साहू, अभिषेक शर्मा, पुष्पराज, सुदर्शन, अनिल बिनिया, दीप पटेल, संदीप पाली, आशीष वर्मा लकेश्वर कोसले, महेश तिवारी, सम्यक तिवारी, धनेश्वरी साहू, पदमिनी साहू, रीना चंद्राकर, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- 33 किलोमीटर की होती है यात्रा

## पाली में पीपीटी नान पीपीटी एवं लेटरल एंट्री की रिक्त सीटों में प्रवेश का अन्तिम अवसर

**दुर्ग।** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थाओं के साथ साथ उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी के माध्यम से नान पीपीटी तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2025-26 में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों में संस्था स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीयन 10 जुलाई से शुरु हो गई है जो 13 जुलाई के रात्रि 11.59 बजे तक होगी। इसकी प्रावीण्यता सूची 18 जुलाई को अपराह्न 4 बजे जारी की जाएगी। प्रवेश के लिए मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा।

# नालियों में गोबर बहाने पर डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, सुपरवाइजर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- महापौर ने समस्याओं के समाधान पर दिया जोर
- गौठान संचालक पर कार्रवाई के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 16 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की हकीकत जानी। सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक चले इस निरीक्षण में उन्होंने सिकोला भाठा, कर्मचारी नगर, जयंती नगर और साईं नगर का भ्रमण किया।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि गोठान संचालकों द्वारा मोहल्ले की नालियों में लगातार गोबर बहाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध हो रही है और नागरिकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सुपरवाइजर को फटकार लगाई और तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गली-मोहल्लों की नालियों में इस प्रकार गोबर बहाना बेहद गैरजिम्मेदाराना है और इसकी पुनरावृत्ति होने पर डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोषियों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि कई नालियों की महीनों से सफाई नहीं हुई है। कर्मचारी नगर से जयंती नगर जाने वाले मार्ग की नालियों व गलियों में गंदगी की स्थिति को देख महापौर ने सफाई अमले की लापरवाही पर नाराजगी जताई। महापौर श्रीमती बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद युवराज कुंजाम, मोहेन्द्र साहू, विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे आदि मौजूद थे।

# मानसून सत्र के प्रथम दिन विधायक रिकेश ने विधानसभा प्रांगण में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के प्रथम दिवस वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को पूरे देश में महाअभियान बनाया जा रहा है। वैशालीनगर भिलाई क्षेत्र में कई जगहों पर इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। अभियान में लोगो को जुड़ने के लिए हम सभी लगातार प्रेरित कर रहे हैं। हम सभी को अपने जन्मदिन सहित हर खास अवसर पर एक पौधा जरूर रोपना चाहिए, क्योंकि यह अभियान हम सभी के लिए जीवनदान है।



## शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा गांव के अर्जुन वर्मा के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 5 हजार नगद राशि एवं 1 कट्टा चावल देकर सहयोग प्रदान की। विदित हो कि लक्ष्मी वर्मा सरपंच निर्वाचित होने के बाद से लगातार गांव के हर जरूरतमंद परिवार को मांगलिक और दुःख के कार्यों में आर्थिक सहायता एवं अन्न दान देकर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है।

# टाउनशिप में जलभराव के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार, देवेंद्र ने अधिकारियों से की बात

**विधायक ने कार्यालय में लोगों की सुनी समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सेक्टर-5 कार्यालय में भेंट मुलाकात
- सैकड़ों लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान टाउनशिप क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 सहित कई अन्य वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखा।



लगातार बारिश के कारण नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने शिकायत की कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं।

विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार है। बारिश के पूर्व नालों की समुचित सफाई नहीं की गई, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों के घरों में पानी भर रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए।

**परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की लगाई गुहार**

# मड़ियापार के ग्रामीणों को राशन के लिए जाना पड़ता है 4 किमी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 118 आवेदन प्राप्त हुए।

- भानपुरी ग्रामवासियों ने आवासीय पट्टा प्रदान करने की लगाई गुहार

ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से इस भूमि पर मकान बनाकर निवासरत हैं, लेकिन आज तक उनके पास मकान की वैध स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इस कारण वे शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं और उन्हें अपने घरों को लेकर हमेशा एक अज्ञात भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि उनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि मौजूद हैं। इतने वर्षों पुराने निवास को वैधानिक मान्यता देते हुए आवासीय पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने कहा।



### शराब दुकान खोलने पर जताई आपत्ति

किसान बंधु संगठन धमधा द्वारा ग्राम अछोली में शराब दुकान खोलने में आपत्ति एवं निविदा निरस्त करने की मांग की। ग्राम पंचायत अछोली सहित आसपास के 15 से 20 गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम धमधा और आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

### राशन दुकान खोलने की मांग

ग्राम पंचायत मड़ियापार के सरपंच ने ग्राम पंचायत मड़ियापार के आश्रित ग्राम परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव के 243 राशनकार्डधारी नागरिकों को अपने मासिक राशन के लिए लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मडियापार की उचित मूल्य की दुकान तक जाना पड़ता है। गाँव के बुजुर्ग, महिलाएँ और असहाय परिवारों के लिए यह दूरी तय करना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे वे समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इस दौरान नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने 31 अक्टूबर के पूर्व पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- कृषकों को मिलेगा 10 हजार प्रति एकड़ आदान राशि

खरीफ वर्ष 2025 से कृषक उन्नति योजना में धान के साथ-साथ फसल विविधिकरण प्रोत्साहन के तहत दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत विहित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसलें (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रू प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत 11 हजार रू. प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान किया जाएगा। कृषकों से कहा गया है कि योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर के पूर्व संबंधित सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

## खबर संक्षेप



### पुलगांव में नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

**अंडा।** ग्राम विकास समिति एवं लोक महोत्सव समिति पुलगांव के पदाधिकारी द्वारा थाना प्रभारी प्रकाशकांत का शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि जैसे जैसे पुलगांव क्षेत्र की विस्तार हो रहा आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही है। दूर अंचल से पढ़ने आए बच्चे नशे की गिरफ्त आते जा रहे हैं। इस दौरान रज्जु दुबे, पूर्व पार्षद मोती साहू, दिनेश यादव गोकुल साहू, संजू साहू, चिन्तु यादव, मनोहर यादव, विनोद साहू एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### दीपांशु ने सेजस निकुम में मारी बाजी, सम्मानित

**निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल निकुम में दीपांशु चंद्राकर ने कक्षा



आठवीं में 96.50 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वे हेमंत चंद्राकर, हेमकिरण चंद्राकर के पुत्र हैं। इस अवसर पर संदीप बीआर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर व प्राचार्य निकुम शोभना देवराजन व स्कूल स्टॉफ ने बधाई दिया।

### सैनिक स्कूल में तीन विद्यार्थियों का हुआ चयन




**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी में बीते वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा आठवीं के कुंजला साहू, चित्रांशी निर्मलकर, पूर्वांश वर्मा, विद्यार्थियों ने चयनित होकर शाला का नाम रौशन किया है इसके साथ ही जंजगिरी में इस परीक्षा में बीते 3 वर्षो में सैनिक स्कूल की चयन परीक्षा में कुल सफल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढती ही जा रही है। प्राचार्य मिनी गोपीनाथन ने बताया की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की मेंटर शिक्षिका अंजना सिंह के कुशल नेतृत्व में हर वर्ष बच्चे सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं।

## निधन

### नागेश्वरी साहू



**दुर्ग।** सिंधिया नगर दुर्ग निवासी नागेश्वरी साहू की निधन 13 जुलाई को हो गया। वे हरिदास साहू की पत्नी थीं।

### विजय गौतम

**दुर्ग।** जवाहर नगर दुर्ग निवासी शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त



कर्मचारी विजय गौतम 80 वर्ष का निधन रविवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र नरेंद्र व भूपेंद्र गौतम सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## भिलाई निगम : पार्षद की शिकायत के बाद अनियमितता का बड़ा खुलासा

# भवन अनुज्ञा के नाम पर बड़ा खेल, निर्माण अधिक और अनुज्ञा ले रहे कम क्षेत्रफल का

### निगम को करोड़ों रुपए के राजस्व का लगाया जा रहा चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक भिलाई में भवन अनुज्ञा के नाम पर बड़ी धांधली हो रही है। यहां के अधिकारी और कर्मचारी कालोनाइजर्स से मिलकर अधिक क्षेत्रफल का प्लॉट होने के बाद भी कम क्षेत्रफल में मकान बनाने की अनुज्ञा जारी कर कम टैक्स ले रहे हैं, जबकि वास्तविकता में मकान का निर्माण अधिक क्षेत्रफल में हो रहा है। ऐसा करके निगम को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

भिलाई नगर निगम के वार्ड तीन माडल टाउन के निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त से की है। उन्होंने साक्ष्य के साथ शिकायत का आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी लोगों से मिलकर न्यूनतम क्षेत्रफल में मकान निर्माण का नक्शा लेकर भवन अनुज्ञा पत्र जारी कर रहे हैं, जबकि उनके द्वारा पूरे यानि अधिक क्षेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि जोन एक अंतर्गत केवल उनके वार्ड 3 में ही 50 से अधिक लोगों का इसी तरह बड़ा क्षेत्रफल का प्लॉट और निर्माण होने के बाद न्यूनतम क्षेत्रफल की अनुज्ञा जारी की गई है। इतना ही नहीं वहां आवासीय के साथ ही व्यवसायिक परिसर का निर्माण भी किया गया है, लेकिन टैक्स आवासीय का ही लिया जा रहा है। इस तरह केवल उनके ही वार्ड से 5 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व का नुकसान किया गया है।



#### नए सिरे से जांच कर सर्वे की जरूरत

पार्षद हरिओम तिवारी का दावा है कि पूरे भिलाई नगर निगम में ऐसा खेल करके कई सौ करोड़ रुपए के टैक्स की चोरी की गई है। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त को चाहिए कि वो नए सिरे जारी सभी भवन अनुज्ञा और संबंधित मकानों की जांच करवाएं, जिससे इस फर्जीवाड़ा से बड़ा पर्दा हट सके। निगम के अधिकारियों को चाहिए कि वो जोनवार टीम बनाकर मकानों की जांच करें जिससे पता चले कि कौन से मकान का भवन अनुज्ञा सही हैं और किस मकान की अनुज्ञा में सांठगांठ की गई है। तिवारी ने दावा किया है कि पूरे भिलाई निगम में कई सौ करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की जा चुकी है।

## सेहत की पाठशाला में बीमारी से बचाव की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ब्लाक के ग्राम देऊरझाल में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पर केंद्रित कार्यक्रम सेहत की पाठशाला का आयोजन देऊरझाल गांव में किया गया। इस अवसर पर हेड कोच धीरज कुमार ने शरीर की देखभाल कैसे करे, इस पर विस्तृत जानकारी दी। किस आयु वर्ग के व्यक्ति को कब, किस समय कितनी मात्रा में भोजन अथवा खाद्य पदार्थ और वजन के अनुरूप कितना देना है ? वातावरण , मौसम और शरीर प्रकृति के अनुरूप कौन सा व्यायाम करना है? इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा और माता पिता के माध्यम से प्राप्त शरीर को स्वस्थ रखना भी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य चंद्रावती कुर्रे, कार्यक्रम की शासकीय प्राथमिक शाला देऊरझाल के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनकीराम वर्मा थे। उपरोक्त कार्यक्रम में दिलीप कुर्रे और सहदेव देशमुख के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में देऊरझाल और समीपवर्ती गांवों के लोग एवं अतिरिक्त कोच शेषनारायण, पूनम, इशिका, कमलेश्वरी, अमित कुमार, मालती, दामिनी, समीर, कमलेश शर्मा, गोविंद, दुर्गा, अमन, डॉ. स्वाति, बिंदु सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अनदेखी के चलते जर्जर सड़क पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

बालोद जिले के विकासखंड गुण्डरदेही क्षेत्र आखिरी गांव खुर्सीपार से दुर्ग जिले ग्राम निकुम से जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभागीय उदासीनता व अनदेखी के चलते सड़क के जर्जर हो जाने को लेकर

■ जल्दी सड़क निर्माण करने की मांग प्रशासन से की

जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनोखा विरोध जताया। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान की फसल रोपा लगा कर विरोध जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई महीनों से सड़क की हालात ऐसे ही जर्जर है तथा हमें आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिये जाने के बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन का यह अनोखा तरीका अपनाया। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ वर्ष पहले गांव में लाखों की लागत से सड़क का निर्माण किया गया था। यह सड़क गांव जाने को लेकर एकमात्र मुख्य सड़क है। सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और इस कारण सड़क कुछ महीने भी नहीं टिक पाती है , इस सड़क मार्ग से दुर्ग और बालोद को जोड़ते हुए, भोथली से तिरगा होते हुए सोमनी राजनांदगांव जाती है, सड़क पूरी तरीके से जर्जर हो गयी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसमें बारिश का पानी जमा हो जाता है और कीचड़ के बीच लोगों को आवागमन करना , वही इस सड़क से स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, काम करने मजदूर जाते है, सड़क में कई जगह जानलेवा गड्ढे हैं जो की बारिश पानी भरे होने के कारण राहगीरों को दिखाई नहीं देते है, इसलिए क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने व ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जर्जर सड़क पर धान के पौधे रोपकर विरोध करते हुए कहा प्रशासन कुंभकर्णीय नींद से जागकर जर्जर सड़क की मरम्मत करे ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके, वही ग्राम के मूलचंद बेलचंदन, पारख साहू, पंकज बेलचंदन, तुषार हरमुख, मनीष ठाकुर, योगेंद्र बेलचंदन, लाकेश्वर साहू , डिलेश्वर साहू , कोमल साहू ने मिलकर जल्दी सड़क निर्माण करने की बात प्रशासन से कही।



## समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने से होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मुंडा परिक्षेत्र की बैठक ग्राम रिसाली में संपन्न हुई। बैठक में पांच गांव के पंच एवं मुंडादार उपस्थित थे। सर्वप्रथम बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर बैठक की शुरुआत की जिसमें आर्थिक रूप से मजबूत करने और समाज को एकत्रित कर और आपने समाज के वीर पुरुषों के बारे में जानकारी दी। साथ ही समाज में फ़ैल रही कुरीतियों को दूर करने कहा गया। समाज के मुंडादार ने कहा कि हमें समाज के सभी लोगों एक साथ लेकर चलेंगे तभी समाज का विकास होगा। बैठक में प्रमुख रूप से पांच गांव के मुंडादार बहादुर सिंह नेताम, महासचिव संतोष नेताम, सचिव गुलाब सिंह, पंच जीवन ठाकुर, मातृशक्ति के अध्यक्ष मंजू नेताम, मंजू मंडावी, खिलेश्वरी ठाकुर, वीणा ठाकुर, नंदेश्वर ठाकुर, गणेश नेताम, जामुन ठाकुर, विषम्भर ठाकुर, भारत-भूषण, अशवन ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, तोरण ठाकुर, देवकी ठाकुर, मालती ठाकुर और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



■ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की हुई बैठक।

## हुडको में लोगों के घरों में भर रहा सीवरेज का पानी, महामारी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आमदी नगर हुडको में सीवरेज एक बड़ी समस्या साबित हो रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने निगम शहर सरकार पर सफाई की लचर व्यवस्था का आरोप लगाया है। साहित्यकार परदेशीराम वर्मा ने समस्याओं को लेकर कहा कि 21 दिसंबर 1985 को उन्हें मकान मिला। 40 साल से मकान में निवासरत हैं। इन मकानों में सीवरेज लाईन का पानी भर रहा है। तकलीफ इस वर्ष इतनी है कि हम नर्क में जी रहे हैं। आए दिन निगम और जनप्रतिनिधि अपनी सफाई की योजनाएं घोषित तो करते हैं, मगर पानी भरा ही रहता है। रोज सुबह हमारे घरों में सीवरेज का बदबूदार गंदा पानी भर जाता है, जो धीरे-धीरे शाम तक कम तो होता है। घरों में रहना मुश्किल हो गया है। आमदी नगर बूढ़े सेवामुक्त लोगों की बस्ती है। यहां वरिष्ठ नागरिक अधिकतर हैं। उनकी अपनी आवाज नहीं है, जिसकी सुनवाई हो। महामारी का खतरा बढ़ गया है। बावजूद जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



## अंचल की खबरें

### संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया



**धमधा।** संकुल केंद्र रौंदा अन्तर्गत हाई स्कूल रौंदा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शाला स्तर व संकुल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर साथ में सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि पालक गण, शिक्षक व बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम लगाने व संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बहल पटेल उपाध्यक्ष बीजेपी धमधा मंडल, जनपद सदस्य हेमकुमारी जंघेल, ग्राम पंचायत रौंदा से सरपंच प्रतिनिधि रोहित जंघेल, एसएमसी अध्यक्ष राधा कृष्ण साहू, खेम लाल वर्मा, मनोहर कुर्रे, मनहरन जंघेल, रामसहाय देशलहरे, दिलीप सिन्हा, ग्राम पंचायत परसकोल के उपसरपंच लुकेश्वर साहू, गंगाराम कुर्रे, गंगू यादव, गोविंद ठाकुर, सेवक राम जंघेल, सीएसी चित्रेन पटेल, संकुल प्रभारी सीएल चंदेल सहित संकुल केंद्र रौंदा के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक चित्रेन कुमार पटेल व आभार प्रदर्शन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक हेमकुमार वर्मा ने किया।

### शाला प्रबंधन समिति का किया गठन



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आमटी में शाला प्रवेशोत्सव एवं शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद शर्मा पूर्व माध्यमिक शाला आमटी, खिलेंद्र पटेल को शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला आमटी का अध्यक्ष मनोनयन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मानसिंह पटेल एवं प्राथमिक शाला के अध्यक्ष खिलेंद्र पटेल तथा पालक सर्व राकेश पटेल, टेकराम साहू, कुलेश्वर प्रसाद शर्मा, खोरबाहरा पटेल, कौशल चक्रधारी, छत्रपाल पटेल, शशिकला देवांगन, अश्विनी देवांगन, श्यामा साहू, रेखा देवांगन, सीमा निषाद, तिलेश्वरी, भुनेश्वरी, ख़मीन, सरिता साहू, ममता विश्वकर्मा, मालती साहू, वैशाली पटेल, टिकेश्वरी निषाद, गोपाल साहू, मोहन ठाकुर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ईश्वर लाल देशमुख, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक शरमेश देशमुख, पंचराम देवांगन, नीरज बेलचंदन, हेमंत टांडिया, मधु साहू, एवं छबीना उइके आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

### भजन के माध्यम से किया गुरु महिमा का बखान



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के द्वारा कबीर मंदिर व सत्संग केन्द्र रुआंबांधा भिलाई में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु वंदना, गुरु महिमा पाठ,भजन, गुरु पूर्णिमा पर विशेष प्रवचन, संध्या आरती किया गया। गुरु पूर्णिमा गुरु के सम्मान का दिन, गुरु से ज्ञान अर्जित करने का दिन, गुरु से आशीर्वाद लेने का दिन, गुरु को स्मरण करने का दिन, गुरु और शिष्य के बीच रिश्ता प्रागंढ़ करने का दिन है। सद्गुरु कबीर के अनुसार प्रत्येक मानव को गुरु भक्ति और साधना का अभ्यास करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में महंत मनी दास, महंत कमल दास, दिवान दुर्गेश दास, धरम दास, युवराज दास, हिमांशु दास के माध्यम से भजन, प्रवचन, संध्या आरती हुआ। इस अवसर पर गजानंद दास, मकसूदन दास, मोहन दास ,उमरन दास, रंग दास, गुलाब दास,मानिक दास, हुकुम दास, दिलीप दास,नरेश दास,मदन दास, कपिल दास,देवेश दास, सत्य नामू दास, मेघू दास, छोटू दास, तथा महिलाओं मे बबीता, लक्ष्मी, आरती, निर्मला, रानी, आशा देवी, रंजिता, प्रेमलता, भूमिका, हेमलता, नेहा, त्रिशा, अदिति,जानकी, मुन्नी बाई, प्रीति,शिखा,थनवारीन बाई,जीमत,मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। संध्या आरती पश्चात प्रसाद एवं महाप्रसाद वितरण किया गया।

## बिजनेस साइट

### आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन 18 जुलाई तक




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय/ ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड-कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग के लिए संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बीएम आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट- https://cgiti.admissions.nic.in/ हैं। विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। बीएम कॉलेज, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत - बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित होता है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू है। अन्य सभी कोर्सेस की जानकारी एवं फीस हेतु विद्यार्थी कॉलेज में सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आकर प्राप्त कर सकते हैं।

## तहसीलदार ने संभाग आयुक्त के आदेश की अवमानना

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा तहसील के ग्राम पंचायत रूहा में शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 111 ,143 ,144 जिसका कुल लगभग 13 एकड़ है जिसे पूर्व सरपंच नटवर पटेल के रिश्तेदार व भाइयों द्वारा खेत बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जिस अतिक्रमण को हटाने के लिए माननीय न्यायालय दुर्ग संभाग द्वारा धमधा तहसीलदार को बेदखली कार्यवाही के लिए 3 अप्रैल 2025 को आदेश पारित किया गया है कि हल्का पटवारी का दल गठित कर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने की बात कही गई थी। बावजूद शासकीय भूमि पर अतिक्रमण यथावत बना हुआ था, खरीफ फसल की बुवाई चल रही है इस मामले में धमधा तहसीलदार द्वारा खानापूर्ति हेतु बेदखली नोटिस जारी कर दिया जाता है लेकिन बेदखली नहीं की जाती। बहुत शिकायतों के बाद तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण तो हटाया गया लेकिन अतिक्रमण कार्यों से 20-20 हजार जो अर्थदंड की राशि थे उसे आज तक वसूला नहीं गया है जिससे साफ प्रतीत होता है कि तहसीलदार कार्यवाही करने से बच रहे हैं और अतिक्रमणकर्ता को उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद भी बचा रहे हैं। वहीं इस मामले में अधिवक्ता अंकित दानी ने बताया कि यह की पूर्व में ही उक्त राजस्व अधिकारी द्वारा लापरवाही किए जाने से विभिन्न मामले आने को दैनिक समाचार पत्रों में निरंतर प्रकाशित हुए हैं जिस पर आज दिनांक तक प्रशासन के द्वारा सिविल सेवा आचरण अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही नहीं की जा रही थी। जो को आमजनो में सोचने का विषय बन चुका है। वहीं उक्त अतिक्रमण हटाने के संबंध में तहसीलदार द्वारा उच्च अधिकारी या न्यायालय दुर्ग संभाग आयुक्त के आदेश का परिपालन नहीं किया जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के विरुद्ध श्रेणी में आता है। जिस पर न्यायालय के आदेश की अवमानना पर तहसीलदार के ऊपर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। वहीं इस मामले की पूरी जानकारी के लिए दुर्ग जिले के संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करना चाहा गया लेकिन उनके द्वारा दूरभाष का कोई जवाब नहीं मिला।



# जयंती स्टेडियम में शिव महापुराण कथा की तैयारी शुरू, बनेगा 5 वॉटर प्रूफ डोम शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के श्रीमुख से 30 जुलाई से 5 अगस्त तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शिवमहापुराण की कथा का आयोजन जयंती स्टेडियम में किया जायेगा। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा लगातार दूसरे साल के आयोजन की तैयारी के लिए सावन के पहले सोमवार को कथास्थल पर भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सीएम विष्णु देव साय की पत्नी की पत्नी कौशल्या देवी साय प्रमुख रुप से उपस्थित रही। उन्होंने दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित भूमिपूजन में शामिल होकर साढ़े तीन बजे तक चले पूजा में मुख्य यजमान बनाकर पूजा -अर्चना की। अचानक हुए तेज बारिश में भी शिव भक्त पूजा में लीन रहे। इस दौरान हर हर महादेव गूंजायमान रहा। इस अवसर पर काफी संख्या में आयोजकों के साथ शिव भक्त मौजूद रहे।

### सीएम पत्नी कौशल्या देवी हुई पूजा में लीन

श्रावन के पहले सोमवार को 30 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित शिव कथा के आयोजन के लिए आयोजित भूमिपूजन में सीएम पत्नी कौशल्या देवी ने लगभग सवा 2 घंटे तक संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा- अर्चना की और भजनों का आनंद लिया। उन्होंने आयोजक दया सिंह द्वारा सावन में शिव कथा कराने और व्यवस्था की सरहाना की। उन्होंने कथा में रोज शामिल होने की भी बातें कही।

## बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति का आयोजन



### संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ हुआ भूमिपूजन

सिविक सेंटर जयंती स्टेडियम मैदान में सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे से भूमिजन कान्हा महाराज और देवा महाराज द्वारा संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ गौरी-गणेश का पूजन, ध्वज पूजन व विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा मिलकर सामूहिक भूमिपूजन किया। इस भव्य आयोजन की तैयारी में पूरे ट्विनसिटी सहित अंचल के ग्रामीण जुड़ कर सेवा करने का संकल्प लेकर हजारों शिव भक्तों ने हर-हर महादेव की गूंज के जयकारे लगाये।



### सीएम पत्नी ने किया भूमिपूजन

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुराण की कथा को सुनने दूर दराज से लोग शामिल होंगे। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में सीएम पत्नी कौशल्या देवी साय, बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह, डॉ मानसी गुलाटी, सुमन कन्नौजे, कंचन सिंह सहित आयोजन में सभी शामिल हुए।

### पांच बड़े-बड़े डोम शेड रहेंगे वाटर प्रुफ

भूमिपूजन के दौरान दया सिंह ने बताया कि सभी के जनसहयोग आयोजन किया जाएगा। वही सावन महिने में भीड़ को देखते हुए पांच बड़े-बड़े डोम, वाटर प्रुफ डोम सहित टेन्ट लगेंगें, एलईडी टीवी स्क्रीन से कथा को श्रध्दालु सुन सकेंगे। प्रतिदिन भक्तों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था की जाएगी। वही भक्तों के लिए प्रवेश द्वार सहित पंडित प्रदीप मिश्रा के लिये सुरक्षित अलग गेट की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें आमलोगो का प्रवेश वर्जित रहेगा। व्हीव्हीआई, व्हीआईपी व्यवस्था, हैलीपेड सहित सहित सड़क मार्गो पर सूचना साइन बोर्ड पर दार्शायी जायेगी। आयोजको की टीम कथा में आने वाले श्रध्दालुओ को पुरी सुविधा व राहत देने दिन-रात धर्मकार्य में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप



### मोटर साइकिल चोरी करने वाला देवार गिरोह पकड़ाया

**भिलाई।** पद्मनाभपुर पुलिस ने कोतवाली दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर व अन्य थाना क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 14 बाइक जब्त की गई है। आरोपी शराब भट्टी के पास मोटर साइकिल बेचने के फिराक में थे। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली,घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में नरेन्द्र मरकाम लालबाग, राजनांदगांव, मोहन मरकाम, बासीन, मुकेश मरकाम सलोनी, राजेश मरकाम सुरगी राजनांदगांव, प्रहलाद उर्फ बोडो देवार शामिल हैं।

### गार्ड को मारा चाकू

**भिलाई।** लक्ष्मी नगर मार्केट में गार्ड का काम कर रहे व्यक्ति पर अज्ञात ने चाकू से हमला कर फरार हो गया। घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल निवासी इंद्र बहादुर लक्ष्मी नगर मार्केट में गार्ड का काम करता है। दुकान के सामने सोया हुआ था। अज्ञात दो युवक पहुंचे और उस पर पीठ में चाकू से हमला किया। युवक नशे के हालात में होने की खबर है।

**विलंब :** मान्यता ना होने से सफल नहीं हो सकी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

# बीएसपी में नहीं हो रहा यूनियन मान्यता चुनाव, कर्मचारियों की समस्याएं लंबित

**सिर्फ दो यूनियनों ने ही जमा किए सदस्यता के डाक्यूमेंट्स, अक्टूबर में हो सकते हैं चुनाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई इस्पात संयंत्र में दस महीने से यूनियन के मान्यता में नहीं होने का चौतरफा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अब तक चुनाव नहीं होने से हजारों कर्मचारियों के साथ प्रबंधन को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनें जल्द चुनाव प्रक्रिया तेज करने की मांग की है।

बीएसपी में पिछले दस साल से आईडी एक्ट के तहत मान्यता हासिल करने के लिए चुनाव होते हैं। लेकिन दस माह बाद भी चुनाव नहीं हुआ है।इससे कई तरह की दिक्कतों का सामना कर्मचारियों को करना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन का पिछला कार्यकाल 28 सितंबर को समाप्त हो चुका है। पिछला चुनाव बीएमएस ने जीता था। यूनियनों के मुताबिक मान्यता कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अब तक चुनाव घोषित नहीं किया गया है। इससे भिलाई इस्पात संयंत्र के 11 हजार वर्कर्स के मुद्दों पर प्रबंधन से चर्चा करने में गतिरोध बना हुआ है। निदान के लिए यथोचित दबाव भी नहीं बन पा रहा है। चुनाव प्रक्रिया के नाम पर अब तक 3 माह पूर्व एएलसी ने सभी यूनियनों से पेपर मंगवाए थे और प्रबंधन एक बार बैठक ली है। चुनाव प्रक्रिया अत्यंत मंद होने से कई समस्याएं लंबित हैं।



### सभी 13 यूनियनों के सदस्यता के दस्तावेज जमा

करने के बाद सहायक श्रमायुक्त केंद्रीय द्वारा चुनाव की घोषणा किए जाने का नियम है। लेकिन सिर्फ दो श्रमिक संगठन ने ही पेपर जमा किए हैं। एएलसी की घोषणा के बाद बीएसपी प्रबंधन द्वारा यूनियन चुनाव प्रबंधन की सारी तैयारी की जानी है। चुनाव व मतगणना बीटीआई में होती है। जबकि भिलाई विद्यालय, सेक्टर नौ हास्पिटल व प्लांट मे मतदान केंद्र बनाए जाते हैं। चुनाव परिणाम गणना बाद देर रात घोषित किए जाते हैं।

### कई समस्याओं का निदान भी नहीं हो पा रहा

नौ जुलाई को हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पिछले साल की तरह सफलता नहीं मिलने की वजह मान्यता यूनियन नहीं होना बताया जा रहा है। वहीं कर्मियों व प्लांट लेबर के मुद्दों व अन्य कई समस्याओं का भी निदान नहीं हो पा रहा है। वर्कर्स की कई समस्याएं लोकल प्रबंधन स्तर की हैं जिनका समाधान चर्चा से हो सकता है। यूनियनों की तरह प्रबंधन के सामने भी द्वुविधा है कि किस यूनियन से अधिकृत चर्चा की जाए। सभी को सिर्फ आश्वासनों का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। विदित हो कि अब तक सीटू इंटक व भिलाई इस्पात श्रमिक संघ बीएमएस मान्यता में रह चुकी है। यानी चुनाव जीत चुकी है।

# टाउनशिप में बारिश के पानी निकासी की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के आपदा प्रबंधन द्वारा मानसून के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। शुरुआत में तीन दिन हुई बारिश के दौरान टाउनशिप में जलभराव रोकने के लिए स्थिति को नियंत्रण में बनाये रखा। इस दौरान 5.3 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

- नगर सेवाएं विभाग सफाई कार्य में जुटा

सेक्टर 4, 6, 2 आदि क्षेत्रों में पानी भरने की स्थिति बनी, लेकिन विभाग पहले से ही तैयार था। हर वर्ष की तरह वर्षा ऋतू से पहले ही मानसून प्रीपेरेशन में नालों की गहराई से सफाई, किनारों की मरम्मत और बहाव की दिशा को सुव्यवस्थित करने का कार्य किया गया । प्रबंधन के मुताबिक लगातार बारिश एवं एक ही दिन में तीन घंटे की लगातार वर्षा तथा रहवासियों के द्वारा किये गये अवैध निर्माण कार्य ने वर्षा जल के निकास को बुरी तरह अवरुद्ध कर दिया। प्रभावित क्षेत्रों पर नगर सेवाएँ विभाग की आपदा प्रबंधन टीम तत्परता से 4 जेसीबी एवं 10 से 15 मजदूरों की सहायता से जल भराव की स्थिति होने के बावजूद मौजूद अवरुद्ध को हटाने में कामयाब रही एवं 4 से 5 घंटे के कार्य से ही जल भराव को नियंत्रित कर लिया गया। पुनरावृत्ति न हो इसलिए नगर सेवाएँ विभाग द्वारा नाले सफाई का कार्य निरंतर प्रगति पर है।

## जामुल पालिका क्षेत्र के स्कूलों की बदलेगी तस्वीर



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में पीआईसी की बैठक हुई। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर सेकेण्डरी स्कुलों में 71 लाख रूपये के लागत से संधारण,उन्नयन कार्य किया जाएगा। वार्डो में पार्षद निधि से नाली निर्माण, चबुतरा निर्माण, बोर खनन, भवन संधारण, पाईप लाईन विस्तार, सीसी रोड निर्माण अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 25 लाख रूपए से होना है। राजपूत समाजिक भवन के लिए भूमि आबंटन, वार्ड 1 एवं 14 में मंगल भवन को किराये पर देने पालिका कार्यालय में कैंटिन को देने सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन, राष्ट्रीय सहायता प्रकरण एवं सुरडुंग स्कुल में पुस्तकालय कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीआईसी बैठक में विधि एवं सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, खम्महन ठाकुर, रामदुलार साहू, कविता विश्वाल, शांति टंडन, खा्दय आपूर्ति प्रभारी चुम्मन वर्मा, सीमा यादव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उपअभियंता के एन ताम्रकार, मुख्य सचिव आशा जंघेल, राजस्व प्रभारी हरिश साहू, मोहन वर्मा, रामु देवांगन, मेघनाथ सोनी पुरूषोत्तम सोनी उपस्थिति थें।

## नाबालिग के प्राइवेट पार्ट पर रेसेस, परिजनों ने कहा, सहेली ने किया गंदा काम, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- वैशालीनगर थाना पहुंचे परिजन, दी जानकारी

भिलाई में एक चौका देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 11-12 साल की लड़की के प्राइवेट पार्ट में जलन होने लगी। उसने घर में माता पिता को बताया। मां ने जब उसके प्राइवेट पार्ट को देखा तो वहां लाल रेसेस काफी अधिक दिख रहे थे। पूछने पर बच्ची ने बताया कि वो अपनी सहेली के साथ खेल रही थी उसने ऐसा किया है। इसके बाद परिजन थाने पहुंच गए और दूसरी बच्ची के ऊपर गलत आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मामला भिलाई वैशाली नगर थाने का है। यहां सोमवार दोपहर कैंप क्षेत्र के कुछ लोग एक बच्ची को लेकर थाने पहुंचे। बच्ची स्कूल ड्रेस में थी और काफी रो रही थी। परिजनो ने आरोप लगाया कि उसकी सहेली ने उसके साथ गलत काम किया है। वहीं सहेली के परिजनों ने आरोप को गलत बताया। बच्ची रोते हुए अपने माता पिता को बता रही थी। परिजनों ने थाना प्रभारी को बताया कि उनकी बच्ची के प्राइवेट पार्ट में काफी तकलीफ है। उसकी सहेली ने उसके साथ गंदा गाम किया है। वहां पर लाल लाल चकत्ते (रेसेस) जैसे आ गए हैं। परिजनों ने मांग की उनकी बच्ची के साथ उसकी सहेली ने गलत किया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। मामला एकदम अलग होने के चलते थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी है। एक महिला एएसआई को मामले की जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि वो बच्ची का मेडिकल चेकअप कराएंगे, उसके बाद ही ये साफ हो पाएगा कि उसके साथ किस तरह का गलत कार्य किया गया है। उसके बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## पुनर्मूल्यांकन के बाद अक्षत बने 10वीं के टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई के स्टूडेंट अक्षत गुप्ता इस साल सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 99.2 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर बन गए हैं।

इसके पहले इसी स्कूल के शाश्वत अग्रवाल 99 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर थे। लेकिन पुनर्मूल्यांकन का परिणाम आने के बाद 99.2 प्रतिशत अंक के साथ अब अक्षत गुप्ता टॉपर हो गए हैं। पुनर्मूल्यांकन के परिणाम से अक्षत पूरी तरह संतुष्ट हैं।अपनी आगे की पढ़ाई में जुट गए हैं। अक्षत के पिता डॉ पराग गुप्ता बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सर्जरी विभाग के यूनिट प्रमुख हैं।

वहीं उनकी माता डॉ. हिमानी गुप्ता, बीएसपी में मुख्य सलाहकार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 हैं। अक्षत शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। इसके पहले वे 8 वीं और 9 वीं में भी अपने स्कूल के टॉपर रहे हैं।

वे राष्ट्रीय व राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते रहे हैं। अक्षत की शैक्षणिक उपलब्धियों में नॉलेज अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफार्म (कैम्प) नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड (नासता) कैंप में 2019 में राज्य टॉपर रहे। 2024-25 में क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड (आरएमओ) के लिए चुने गए। वे डीपीएस के छात्र हैं।

### ग्रामीण युवक नर्सरी प्रबंधन पर ले सकते हैं प्रशिक्षण

**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) दुर्ग द्वारा नर्सरी प्रबंधन पर 29 से 31 जुलाई तक 3 दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में 18 से 40 वर्ष के ग्रामीण युवाओं को व्यवसायिक नर्सरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया जाना है।

## बीएसपी को मिला मुखिया, महापात्रा बने डीआईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र को जल्द ही फुलफ्लेश मुखिया मिल जाएगा। बोकारो स्टील प्लांट के ईडी चितरंजन महापात्रा बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज होंगे। सोमवार को यहां उनकी नियुक्ति का आदेश इस्पात मंत्रालय ने जारी कर दिया है। बीएसपी में पूर्व में ईडी रह चुके श्री महापात्र की नई व बड़ी जिम्मेदारी से भिलाई इस्पात संयंत्र में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रपति के रिकमंडेशन पर इस्पात मंत्रालय द्वारा बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। बोकारो के ईडी सीआर महापात्रा जल्द ही बीएसपी के मुखिया का पदभार ग्रहण करेंगे। तीस अप्रेल को बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता के रिटायर होने के बाद से यह पद रिक्त है। श्री गुप्ता को छह माह पूर्व एक्सटेंशन दिया गया था। पूर्व में बीएसपी में ईडी रह चुके श्री महापात्रा का बीएसपी के डारेक्टर इंचार्ज के पद पर पब्लिक इंटरप्राइवेज सर्विस कमेटी द्वारा 19 अप्रेल को हुए इंटरव्यू में उनका चयन किया गया था। इसके बाद अब भारत के राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद इस्पात मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। इससे बीएसपी बिरादरी में हर्ष है। पिछले छह माह से फुलफ्लेश डीआईसी नहीं होने से बीएसपी का कामकाज प्रभावित हो रहा था। कई नीतिगत निर्णय लेने मे दिक्कतें आ रही थीं।

- सीआर महापात्रा होंगे डायरेक्टर इंचार्ज, राष्ट्रपति की लगी मुहर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


**पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजनपीठ भिलाई में भी अध्यक्ष का इंतजार**

# उपेक्षित हैं प्रदेश के आधा दर्जन साहित्यक सृजन और शोध पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है। लेकिन समाज को दिशा देने वाले भिलाई सहित राज्य सरकार के अधीन आधा दर्जन साहित्यक पीठों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बख्शी सृजन पीठ भिलाई सहित राज्य के अन्य साहित्यिक सृजन और शोध पीठों में अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते गतिविधियों पर विराम लगा हुआ है। साहित्यकारों ने जल्द सभी पीठों में साहित्यिक की समझ रखने वाले अध्यक्षों की नियुक्ति की मांग की है।

- साहित्यकारों ने कहा– जल्द करें न पिछड़े साहित्य का काम




फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के बाद नई सरकार का एक साल से अधिक का कार्यकाल बीत चुका है। इस दौरान सरकार द्वारा प्रदेश के अधिकतर निगमों, मंडलों और आयोगों में अध्यक्ष की नियुक्ति की जा चुकी है। लेकिन विभिन्न साहित्यिक सृजन और शोध पीठ उपेक्षित हैं।

पं. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजन पीठ भिलाई सहित विभिन्न शहरों में स्थित 7 सृजन और शोधपीठों में सालभर बाद भी अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं किए जाने की जहमत नहीं उठाई गई है। इससे इन पीठों में तमाम गतिविधियां थमी हुई हैं, जिससे साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों में निराशा व खिन्नता है। प्रदेश के प्रमुख साहित्यिक संस्थानों में बख्शी सृजन पीठ भिलाई के सहित रायपुर में पं. सुंदरलाल शर्मा शोध पीठ, बख्शी सृजन पीठ, छग राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी, राजभाषा आयोग, छग उर्दू अकादमी और बिलासपुर में श्रीकांत वर्मा शोध पीठ स्थापित है। सभी पीठों के अध्यक्ष का कार्यकाल 2 का होता है। सरकार बदलने के बाद इनमें नई नियुक्ति की जाती है। लेकिन किसी में भी अध्यक्ष नहीं होने से साहित्य व सांस्कृतिक विमर्श हो पा रहा रहा और न ही साहित्यिक किताबों पर ही विचार मीमांशा ही हो पा रही है।

### पदुमलाल बख्शी सृजनपीठ भिलाई अध्यक्षविहीन

साहित्य व कला की राजधानी के रुप चर्चित भिलाई में स्थित पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजनपीठ पिछले 28 साल से साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रही है। ट्विनसिटी के साहित्यकारों की मांग पर 1998 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पहल पर उनकी मौजूदगी में यहां भव्य साहित्यिक समारोह में बख्शी सृजनपीठ की स्थापना मप्र सरकार द्वारा की गई थी। अब तक वरिष्ठ साहित्यकार स्व. डां. प्रमोद वर्मा सहित सतीश जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार स्व. बबन प्रसाद मिश्रा, इतिहासकार डां. रमेंद्र मिश्रा तथा सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी व कवि ललित वर्मा अध्यक्ष रह चुके हैं। इनमें प्रमोद वर्मा व डां. मिश्रा दो कार्यकाल तक अध्यक्ष रहे। वर्ष 2023-24 में विधानसभा चुनाव बाद वर्तमान सरकार का एक साल का कार्यकाल कंपलीट होने के बाद से बख्शी पीठ अध्यक्षविहीन है। साहित्यकारों के मुताबिक अन्य आयोगों व मंडलों में नियुक्ति की जा चुकी है लेकिन साहित्य के क्षेत्र को उपेक्षित क्यों छोड़ दिया गया है। 6 साल पूर्व पीठों का संचालन संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता था। इसके बाद छग साहित्य अकादमी करती है।पिछली सरकार के दौरान तो छग उर्दू अकादमी में पूरे 5 साल अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई। राज्य सरकार सभी पीठों में जल्द अध्यक्षों की नियुक्ति करे, ताकि साहित्य संस्कृति का काम न पिछड़े।




02



हाईकोर्ट के निर्णय पर पालकों ने सांसद का जताया आभार

## लाइव इवेंट

## आचरण के लिए ज्ञान होना जरूरी ज्ञान और क्रिया सिक्के के दो पहलू



**भिलाई।** आचरण के लिए ज्ञान का होना जरूरी है। ज्ञान और क्रिया एक सिक्के के दो पहलू हैं। ज्ञान की प्राप्ति के लिए समर्पण भाव अनिवार्य है। आचारांग सूत्र व्याख्यान श्रृंखला में साध्वी लब्धियशाश्रीजी ने उक्त बातें कहीं। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ -नगपुरा में चातुर्मास आराधकों को संबोधित करते उन्होंने ने कहा कि जो परमात्मा की आज्ञा का अनुसरण करता है, वह मेधावी है, जिस तरह रोटी बनाने के लिए आटा-पानी और अग्नि तीनों की आवश्यकता होती है वैसी ही शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है।

- पार्श्वनाथ नगपुरा तीर्थ में चातुर्मास के दौरान धर्मसभा
- दुर्ग-भिलाई के अलावा आसपास के जिलों और प्रदेशों के सामाजिक लोग आयोजन में हो रहे शामिल

इसके लिए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र तीनों जरूरी है। इसके लिए परमात्मा के द्वारा बताये मार्ग, सिद्धांत पर हमें श्रद्धा और समर्पण रखना होगा। समर्पण के अभाव में हमें अपने वास्तविकता का बोध नहीं होता है। परिस्थिति जैसी भी हो, मनःस्थिति मजबूत होनी चाहिए, प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार करना, संयम है। स्वस्थ शरीर के लिए रोग की निदान जरूरी है, वैसे ही निज स्वरूप को जानने के लिए अज्ञान रूपी रोग को दूर भगाना होगा।



## हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शिवालयों में जुटी भक्तों की भीड़, निकली कांवड़ यात्रा



# सावन का पहला सोमवार, मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, पंचाक्षरी मंत्र के साथ किया जलाभिषेक

भिलाई। सावन माह के पहले सोमवार को दुर्ग-भिलाई के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। जहां भगवान शिव का जलाभिषेक करने भक्त सुबह से जुटे रहे। श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में दिनभर बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है और ओम नम शिवाय के स्वर गूंजायमान रहे। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा अर्चना करने शिवालयों में रात तक पहुंचते रहे। शिवभक्तों ने सोमवार को व्रत रखकर पूजा अर्चना कर फलाहार किया।दुर्ग-भिलाई के शिवमंदिरों के साथ ही शिवनाथ नदी के तट पर शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में पंचाक्षरी मंत्र के साथ भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। भक्तों ने महादेव का दूध, दही, शहद, घी, फलों के रस, शक्कर, मंदार के फूल, धतूर, भांग, अष्टगंध, धूप दीप आदि से अभिषेक व पूजन कर भोलेनाथ के जयकारे लगाते रहे। राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस में शिव भक्तों द्वारा 51 किलो दूध से अभिषेक किया गया।



### रुद्राभिषेक कर श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

सावन मास के अवसर पर आयोजित शिवलिंग स्थापना के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना किया और श्रावण मास की प्रदेश वासियों और सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सावन माह की 10 जुलाई से शुरूआत हो चुकी है। ये महीना भगवान शिव के भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दौरान भगवान शिव के भक्त कड़ी तपस्या और जप-तप करते हैं ताकि उनकी मनोकामनाएं पूरी हो सकें। विधायक ने प्रदेश के समस्त शिव भक्तों व श्रद्धालुओं को भगवान शिव को समर्पित पवित्र श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा की भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पार्षद रमा साहू, अनिल साहू, आसपुरण चौधरी, अजित चौधरी, अजित परिहार आदि मौजूद थे।



### इसलिए होता है महादेव का जलाभिषेक



सावन मास और सावन सोमवार की पौराणिक महता है। सावन के महीने में महादेव को जल चढ़ाने के पीछे मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला तब चारो ओर हाहाकर मच गया। विष के असर से देवता और असुर परेशान हो गए। तब सभी ने मिलकर त्रिनेत्रधारी शिव से प्रार्थना कर विष को ग्रहण करने कहा। महादेव ने समुद्र से निकले विष को पीकर उसे अपने कंठ में रख लिया। उनका कंठ विष के असर से नीला पड़ गया। उनके पूरे शरीर में जलन होने लगी। तब सभी देवताओं और भक्तों ने उन पर लगातार जल अर्पण किया और यह सिलसिला महीने भर चला। जिस समय महादेव ने विश का सेवन किया वह महीना सावन का था। इसलिए सावन के महीने में महादेव को कुछ अर्पण करें या ना करें पर उन्हें जल अर्पण करने से ही वे प्रसन्न हो जाते हैं।

### सभी शिवालयों में रही भक्तों की भीड़

शहर के बैंकुठधाम, नेहरूनगर भेलवा तालाब मंदिर, सेक्टर 7 तालाब स्थित शिवमंदिर, जलकंठेश्वर मंदिर, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, दुर्ग स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, शिवनाथ नदी स्थित शिवमंदिरों में विशेष पूजन व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भगवान शिव को अतिप्रिय सावन के महीने में महादेव को मात्र जल अर्पण करने से ही पुण्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि सावन का पहला सोमवार काफी शुभ होता है। इस दिन जो भी भक्त पूरी भक्ती और श्रृद्धा के साथ भगवान शिव को एक लोटा जल चढ़ाता है उसकी मन्नत भगवान जरूर पूरा करते हैं।

### ट्विनसिटी के लिए सावन होगा खास

इस बार सावन का महिना शिव भक्तों के लिए खास होने वाला है, क्योंकि भिलाई में 30 जुलाई से अंतराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी की जा रही है। शिव भक्तों में प्रदीप मिश्रा की शिवकथा को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है।

**मंदिरों में रही भक्तों की भीड़:** भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास के पहले दिन ही भक्त सुबह 5 बजे से ही शिवालयों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। कई स्थानों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर विद्वान पंडितों द्वारा महारुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान ओम नम शिवय, श्री शिवाय नमस्तुंभम और बोलबम का नारा है बाबा एक सहारा है गूंजायमान रहे।

## सिटी इवेंट

## पवार क्षत्रिय संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**भिलाई।** पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं राष्ट्रीय महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह राजाभोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, डॉ. वायआर कटरे विशेष रूप से मौजूद थे। चौधरी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को उद्यमिता में आगे आने तथा सामाजिक एकजुटता के साथ कार्य करते हुए समाज तथा राष्ट्र उत्थान के कार्य में आगे आकर समाज के उतरोत्तर प्रगति के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। प्राध्यापक डॉ. कटरे ने कहा कि एक समाजिक कार्यकर्त्ता होने की प्रतिष्ठा बढ़ाने और उच्च स्तर के साथ-साथ गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। आप अपनी भागीदारी के दौरान समाज सेवा से प्राप्त सबसे सकारात्मक परिणामों को समझें। जब आप अपने जीवन पर इसके प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन करेंगे, तो आपको दैनिक भागीदारी का प्रतिफल महसूस होगा। सबसे बड़ा संतोष निश्चित रूप से समुदाय द्वारा व्यक्त कृतज्ञता से मिलता है। कार्यक्रम का संचालन महिला अध्यक्षा आशा शरणागत एवं अध्यक्ष छोटेलाल पारधी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिकृष्ण बिसेन, सूरजलाल पटले, लेखसिंह राणा, प्रभाकर खौसी, भागवत प्रसाद देशमुख द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, राष्ट्रीय महासभा की महिला महासचिव ममता राहंगडाले, जनसंवाद एवं संगठन सचिव डॉ. दिलीप चौधरी, युवा एवं मुख्य कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

- सामाजिक समारोह में जुटा पवार क्षत्रिय समाज, महिलाओं की भी रही सहभागिता



## बुजुर्गों ने स्कूली बच्चों को बांटे बैग और स्टेशनरी सामान

**दुर्ग।** सियान सदन समिति पोटियाकला द्वारा प्राथमिक पाठशाला वार्ड 53 में अध्ययनरत 150 बच्चों को स्कूली बैग और स्टेशनरी वितरित किया गया। इस आयोजन सियान सदन समिति के सदस्यों के साथ वार्ड 53 की पार्षद सविता साहू, भोजराम यादव, प्रधान पाठक संध्या साहू सहित अन्य मौजूद थे। सियान सदन समिति के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यालय से समाज को जोड़ना है। सामाजिक भागीदरी से शिक्षा में आ रही गिरावट को रोका जा सकता है। उन्होंने समाज से आग्रह किया



कि घर में बच्चों को पढ़ने के लिए सचेत करें। कुछ नहीं तो चरित्र निर्माण और स्वच्छता पर ध्यान देवें। वार्ड पार्षद सविता साहू ने कहा प्राथमिक शिक्षा ही आगे की शिक्षा की नींव है। इसीलिए बच्चों को आगे की शिक्षा के लिए यहीं से तैयार करना होगा। पार्षद चंदनिया ने शिक्षा में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बात कही। सियान सदन समिति के अध्यक्ष द्वारा शिक्षा में बच्चों की प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए अर्धवार्षिक परीक्षा व वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले सभी कक्षा के बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की तथा कक्षा पाँचवी में शाला स्तर पर प्रथम को 1500, द्वितीय को 1000 और तृतीय को 500 रुपए का नगद पुरस्कार तथा कक्षा पांचवी में विकास खंड स्तर पर प्रथम आने पर पांच हजार रुपए तथा जिला स्तर पर प्रथम आने पर दस हजार रुपए नगद देने की घोषणा की गई। आभार प्रदर्शन करते हुए भोज राम यादव कहा कि पहले बार इस तरह का आयोजन हो रहा है। हम इसी गांव मे रहने वाले हैं। यह जानकारी सचिव राजेश यादव ने दी।

## तिलक की बनाई जा रही प्रतिमा स्मृतिनगर गार्डन में होगी स्थापित

**भिलाई।** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने किया है। महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरू नगर भिलाई द्वारा इस प्रतिमा को स्मृति नगर के बाल गंगाधर तिलक उद्यान में स्थापित किया जा रहा है। सूक्ष्म से सूक्ष्मतम् और विशाल से विशालतम् मूर्तिकलाओं के साथ ही भित्तिचित्रण कला, माडर्न आर्ट और एब्सट्रेक्ट आर्ट जैसी विविधताओं के कारण छत्तीसगढ़ी कलाजगत में अंकुश को मूर्तिकला का पर्याय माना जाता है। उन्होंने न सिर्फ छत्तीसगढ़ वरन् पूरे भारतवर्ष में अपनी कला का परचम लहराया है। मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन समकालीन भारतीय कलाजगत के एक सशक्त स्तम्भ हैं, जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी लौहरथ प्रतिमा , दुनिया का सबसे लंबा भित्तिचित्र तथा दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां बनाने के लिए लिम्का तथा गोल्डन बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड का एवार्ड प्राप्त है।



## श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में सावन उत्सव का आयोजन

# सावन के झूलों ने मुझको बुलाया गीत गाकर झूला, हरियाली उत्सव में जमकर झूमी महिलाएं



कार्नर न्यूज

भिलाई। सावन के मौसम में महिलाओं द्वारा इन दिनों विभिन्न समाजों के तीज मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में जगन्नाथ समिति के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर धरती का श्रृंगार करने पौधरोपण किया। साथ ही सावन के झूले का आनंद लिया।



### उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल का आयोजन

उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल भिलाई समूह द्वारा जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में वृक्षारोपण कर हरियाली सावन उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान डांस, एक्टिंग, गाना द्वारा सभी का मनोरंजन किया। इस अवसर पर तरह-तरह के पकवान हरी साड़ी, हरी चूड़ियों के साथ 16 श्रृंगार करके हरियाली जीज सेलिब्रेशन में पहुंची। जहां सभी ने खूब एंजाय किया।

### शिव अभिषेक कर किया मंत्र जाप

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी महिलाओं ने भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक कर महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया। जिसके बाद सावन के झूले को झूलते हुए सावन के गीत और भजन गाए। सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाओं ने सुहागन गीत गाकर भगवान शिव से अमर सुहाग का वरदान मांगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी। जिसमें विजाताओं को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम में उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष संजू साहू, सचिव अनीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष मिनती रथ, संध्या महापात्रा, सरोजिनी पाणिग्रही, नमिता साहू, जुन्नु पात्रा, रीना मोहंती, गीतांजलि साहू, जूली रानी साहू, जोशना मलिक, पूजा रानी साहू, विजयलक्ष्मी साहू, कुन्नी साहू, शालिनी चौधरी, रीता रथ, ममता मिश्रा, विजयलक्ष्मी पंडा, मीना राव, सविता नाहक, मिनती मिश्रा, मिनती नायक, सविता साहू, रीना दास, सोलो साहू, रेखा दास, पवित्रा मिश्रा, रीना दास, उर्वशी दास, रुनु साहू, ज्योति पांडा, दमयंती साहू, सांवली दास, उषा रथ, पद्मा रानी, सष्मिता, मान्या सहित समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थी।



सिटी इवेंट

## सर्वधर्म ने रोपे पौधे, धरती बनी पर्यावरणीय एकता की मिसाल



**दुर्ग।** मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा आयोजित सर्वधर्म वृक्षारोपण समारोह ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। इस ऐतिहासिक आयोजन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ पर्यावरण सुरक्षा था, बल्कि सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता को भी एक मंच पर लाना था। विशेष योगदान देने वालों में अराधना एक्का, डॉ. संगीता सिन्हा, गीत सोन, डॉ. रानू पिंचा, डॉ. हर्षिता पटेल, कृतिका ज्ञानी, डॉ. नेहा ठाक्कर, मिसेज रोजेलिना, श्रेयांश पारख सहित अनेक शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और विभिन्न गांवों के सरपंचों ने वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सैकड़ों स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी उपस्थिति से आयोजन को जीवंत बना दिया। इस पूरे आयोजन में सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया। संस्था की अध्यक्ष वेणु वर्मा, सदस्य आदित्य बंछोर, नेहा बंछोर, कुलदीप बंछोर का पौधरोपण में विशेष सहयोग रहा।

- पौधारोपण समारोह ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया

● नायक अपनी शक्ति के कारण नहीं, बल्कि दूसरों को सशक्त बनाने की क्षमता के कारण महान बनते हैं

# सीनियर हेड बॉय वीर और गर्ल बनी सावनी, नए विद्यार्थी परिषद ने जिम्मेदारी संभालने ली शपथ, दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में रूंगटा पब्लिक स्कूल में जूनियर एवं सीनियर कक्षाओं से नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सीनियर हेड बॉय वीर जैन, जूनियर हेड बॉय रुद्रांश मेश्राम, सीनियर हेड गर्ल सावनी बसोतिया और जूनियर हेड गर्ल प्रियांशा को बनाया गया। इन सभी विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अपनी जिम्मेंदारी का कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। इस दौरान सभी को बैज और शैसे पहनाकर अलंकृत किया गया। जिसे देख अभिभावकों और शिक्षकों ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद के चयन के लिए कठोर मापदंड निर्धारित किए गए। सुयोग्य एवं चयनित पदाधिकारियों पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उनसे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं क्षमता के साथ करने की आशा जताई गई। बहुप्रतीक्षित अलंकरण समारोह की शुरुआत उपप्राचार्या दीप्ति सिंह के स्वागत भाषण से हुई। जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं नृत्य ने समारोह में उत्साह और उल्लास भर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसआरजीआई के चेयरमैन संजय रूंगटा और विशिष्ट अतिथि रजनी रूंगटा निदेशक, एसआरजीआई कार्यक्रम में उपस्थित थी। विद्यालय के प्राचार्य एवं उपप्राचार्या ने अतिथियों का स्वागत बालवृक्ष सैपलिंग भेंट कर किया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक बना।




### पदाधिकारियों को बैज और शैश से किया सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, आराधना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात नवगठित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने मंच पर मार्च करते हुए उपस्थिति दर्ज कराई। सभी पदाधिकारियों को बैज और शैश पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विद्यालय के नियमों का पालन करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करने की शपथ दिलाई।

### बच्चों को देख अभिभावक हुए भावुक

सीनियर हेड बॉय वीर जैन, जूनियर हेड बॉय रुद्रांश मेश्राम, सीनियर हेड गर्ल सावनी बसोतिया एवं जूनियर हेड गर्ल प्रियांशा चरण ने अपने प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से सभी सदस्यों की ओर से आश्वस्त किया कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहेंगे और पद की गरिमा बनाए रखेंगे। नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिभावकों के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण रहा, क्योंकि उनके बच्चों को नेतृत्व के नए सफर पर निकलते हुए बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

### नेतृत्व क्षमता का निर्वहन करने किया प्रोत्साहित

अपने संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें निष्पक्ष एवं जिम्मेदार नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि संजय रूंगटा ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए सत्यनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्सहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान भी किया। समारोह का समापन जूनियर सांस्कृतिक कप्तान समारा ज़यान एवं सीनियर सांस्कृतिक कप्तान इकरा सिद्दीकी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। जिसके पश्चात राष्ट्रगान की मधुर प्रस्तुति ने पूरे समूह में विद्यालय एवं राष्ट्र के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता की गहरी भावना उत्पन्न की।

सिटी लाइव

## बेहतर हेल्थ के लिए एक्सरसाइज जरूरी हर 6 महीने में शरीर की जांच आवश्यक




**भिलाई।** पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और उनके पुलिस परिवार के लिए बीपी, शुगर और मानसिक तनाव से बचाव के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, डॉ.प्रमोद गुप्ता, डॉ. सुधीर गांगेय, डायटिशियन ऋचा जैन डायटिशन दुर्ग उपस्थित थे। गर्ग ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक्सारसाईज किया करें। अपने स्वास्थ्य का टेस्ट, चेकअप अनिवार्य रूप से कराकर बीमारी का इलाज अनिवार्य रूप से कराएं। सादा जीवन यापन करें। शराब का सेवन बंद करें, जो कि शरीर के लिए नुकसान दायक है। सेहत का ध्यान रखें, अच्छा कार्य करें। इसके बाद विजय अग्रवाल ने कहा कि पुलिस और पुलिस परिवार के सदस्यों को मेडिकल उपचार की आवश्यकता है। इसके एक वाट्सएप ग्रुप बनाकर अपनी समस्या को पोस्ट कर अवगत करा सकते हैं। इससे समस्याओं का निदान एवं आवश्यक औषधियों उपलब्ध कराई जा सके। परिवार ग्रुप में जुड़े रहेंगे, जिससे उनकी समस्याओं का निदान किया जा सके। डॉ. प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मानसिक, स्वास्थ्य, समस्या, अवसाद, तनाव, पेस्ट ड्रामेटिक स्ट्रेस, उक्त रक्तचाप, पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारणों-शारीरिक कारण, मनोवैज्ञानिक कारण, सामाजिक कारणों को जानना आवश्यक है। तनाव एवं नकरात्मक विचारों को दूर करने हेतु विस्तार से समझाया गया। डॉ.सुधीर गांगेय ने बताया कि हमारे जीवन शैली को नियंत्रण कर बीपी, शुगर के रोगो से तनाव दूर किया जा सकता है। रोजाना 1 घंटे एक्सरसाईज कर अपना जीवन को प्रखर बना सकते हैं। ऋचा जैन ने कहा कि समान्य भोजन, सलाद, अकुंरित, संतुलित आहार, कैल्शियम युक्त भोजन, करना चाहिए। शुगर पेशेन्ट को रोज सलाद एवं खाना के साथ फल खाना चाहिए। इस अवसर पर सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, अजय कुमार सिंह, हरीश पाटिल, चन्द्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

सम्मान कार्यक्रम आयोजित

## 7 लोगों ने अंगदान का लिया संकल्प, दूसरों को दी प्रेरणा



**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था के प्रयासों से शहर के 7 लोगों ने अंगदान का संकल्प लिया। साथ ही दूसरों को इसके लिए प्रेरित किया। संस्था ने अब तक 282 व्यक्तियों का अंगदान, देहदान संकल्प कराया है। 700 से अधिक यूनिट रक्त ज़रुरतमंदों को समय पर उपलब्ध करवाया। गायत्री गोस्वामी ने बताया कि संस्था के प्रयास से अरुणा शर्मा प्रवेश शुक्ला, ऋतु शुक्ला, वंदना साहू, रामकुमार लडेर, पुरुषोत्तम स्वर्णकार, चंद्रवती देवी शामिल है। राष्ट्रीय अंगदान दिवस 3 अगस्त के अवसर पर भिलाई निवास कॉफी हाउस में शाम 6 बजे 50 से अधिक अंगदान, देहदान संकल्पित महादानियों का भव्य सार्वजनिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्था का मानना है कि दिन-प्रतिदिन बढ़ता वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण मानव शरीर में नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहा है। फेफड़े, किडनी, लिवर, आंखें व दिल जैसे अंग तेजी से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यदि हम इंटरनेट पर शोध करें, तो यह स्पष्ट होता है कि हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु समय पर अंग न मिलने के कारण हो जाती है। ऐसे में अधिक से अधिक नागरिकों को आगे आकर अंगदान, देहदान का संकल्प लेना चाहिए ताकि अनगिनत ज़िंदगियों को नया जीवन मिल सके। कार्यक्रम में प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, सुरेश खांडवे, रघुवंश सैनी, भेख राम साहू, बॉबी दिलीवर, सविता श्रीवास्तव, संगीता खर्चे, अरुण खर्चे, श्रीकांत स्वर्णकार मौजूद थे। संस्था सदस्यों ने बताया कि संस्था का ध्येय वाक्य मृत्युभोज नहीं श्रद्धांजलि सेवा से दें, उतना ही लो थाली में व्यर्थ न जाए नाली में, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ, अंगदान सबसे बड़ा दान है।

**संस्था ने अब तक 282 व्यक्तियों का अंगदान, देहदान संकल्प कराया**

न्याय सुनिश्चित करने किया प्रयास

## हाईकोर्ट के निर्णय पर पालकों ने सांसद का जताया आभार



**भिलाई।** प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन को निष्कासित किए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने निर्णय का पालकों नने स्वागत किया है। इसे लेकर लोकसभा सांसद विजय बघेल से पालकों ने उनके सेक्टर-5 स्थित निवास में मुलाकात की। उनका आभार व्यक्त किया। पालकों ने बताया कि दो वर्षों पूर्व जिले के सैकड़ों बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया गया था। परंतु हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 3 जुलाई को एक आदेश जारी कर समस्त प्रवेशों को निरस्त कर दिया गया। इस आदेश में पालकों पर झूठे और भ्रामक आरोप लगाए गए थे, जिससे सैकड़ों बच्चों का भविष्य संकट में पड़ गया था। इस गंभीर स्थिति को संज्ञान में लेते हुए सांसद विजय बघेल ने हस्तक्षेप किया। पालकों के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

इस ऐतिहासिक निर्णय की खुशी में पालकों ने सांसद विजय बघेल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि सांसद महोदय का सहयोग नहीं होता, तो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता था।

**सांसद विजय से पालकों ने सेक्टर-5 स्थित निवास में मुलाकात की**

सिटी इवेंट

## डॉ. नीरज चौबे को समाजसेवा के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान

**भिलाई।** सदगुरु कबीर साहेब के 628वें प्राकट्य महोत्सव पर अखिल भारतीय कबीर मठ सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पीठाधीश्वर भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास के सानिध्य में आयोजित किया गया। विश्व शांति संत कबीर कीर्ति स्तंभ शिलान्यास हुआ। कबीर कोहिनूर सम्मान 2025, समारोह



बड़ी खाटू ( राजस्थान)में डॉ. नीरज चौबे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व समाज सेवा के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान –2025 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश-विदेश के 100चयनित हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में अखिल भारतीय कबीर मठ बड़ी खाटू मठ के संस्थापक अध्यक्ष पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास के सानिध्य मे हुआ। दिल्ली से आए जैन धर्मगुरु विवेक गुरु, आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत डॉ. रूपचंद दास, भारतीय बौद्ध धर्म समिति उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष भंते प्रज्ञा सागर के सानिध्य में मुख्य अतिथि भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जाटिया, विशिष्ट अतिथि रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र रत्न, दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनिंदर जैन, हरियाणा कुरुक्षेत्र के स्वामी संपूर्णानंद ने इस मौके पर बड़ी खाटू रेलवे स्टेशन पर विश्व शांति कबीर कीर्ति स्तंभ का शिलान्यास किया गया।

एनसीसी ईको क्लब और स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई का आयोजन

कार्नर न्यूज

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाया कदम, वृक्षों को बांधा रक्षा सूत्र, सहेजने का लिया संकल्प

**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बीएसपी शिक्षा विभाग की ओर से एनसीसी ईको क्लब और स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि एबी श्रीनिवासन जीएम टाउन सर्विसेस और सभी अतिथियों ने वृक्षों की पूजा की। जिसके बाद विद्यालय के सभी ईको क्लब प्रभारियों को बैज प्रदान किया गया। विद्यालय की व्याख्याता निशि शिवप्पा ने इको क्लब का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एन. के जैन जीएम, हार्टीकल्चर ने विद्यार्थियों को वृक्षों एवं पर्यावरण की रक्षा से संबंधित शपथ दिलवाई।






### विद्यालय के ईको क्लब के कार्यों की सराहना की

मुख्य अतिथि ए.बी श्रीनिवास ने अपने उद्बोधन में भिलाई बिरादरी की बीएसपी के पर्यावरण के प्रति संवेदना और समर्पण को आज की जरूरत बताया। उन्होंने विद्यालय के ईको क्लब के कार्यों की सराहना की। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने अपने उद्बोधन मे विद्यालय में एनसीसी और ईको क्लब, स्काउट गाइड के द्वारा वर्ष भर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। जिसके बाद विद्यालय के गार्डन में अनेक प्रकार के पौधे लगाए गये। पौधों की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र भी प्राचार्य तथा छात्रों द्वारा बांधा गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अलावा, डीओसी स्काउट सत्यनारायण साहू, गाइड-कीर्तिलता देशमुख एवं डीटीसी डॉ. शीतल चंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनीता अनिल ने किया।

### पौधरोपण का बताया महत्व

इस अवसर पर अतिथियों ने इको क्लब का महत्व बताते हुए कहा कि इको क्लब स्कूलों में पर्यावरण जागरूकता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए बनाए जाते हैं। ये क्लब छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। इको क्लब विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे कि वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, और जागरूकता अभियान चलाते हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के मुद्दों और उनके समाधानों के बारे में शिक्षित करना रहता है। छात्रों को पर्यावरण को बचाने और संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित और छात्रों को सतत विकास की अवधारणा को समझने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित करना होता है। इको क्लब द्वारा स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के साथ ही कचरा कम करना, पुनः उपयोग करना और पुनर्चक्रण करने के लिए किया जाता है।

ज्योतिष

## सावन में इस दिन हरी चूड़ियां खरीदना माना जाता है सबसे शुभ



सावन माह महिलाओं के लिए विशेष होता है। इस माह में महिलाओं को मेहंदी, हरे रंग के कपड़ों के अलावा हरी रंग की चूड़ियां पहनना काफी शुभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, मां पार्वती का प्रिय रंग हरा है। इसलिए सावन माह में इस रंग को धारण करने से शिव जी अति प्रसन्न होते हैं। सावन माह में अगर आप भी हरी चूड़ियां पहनने वाली है, तो कुछ नियमों का जरूर पालन करना चाहिए, जिससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। सावन में हरी रंग की चूड़ियों के अलावा मेहंदी, बिंदी और हरे रंग की वस्त्र पहनना भी शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं सावन माह में किस दिन खरीदनी चाहिए हरी चूड़ियां और पहनने के नियम

**सावन में हरी चूड़ियां पहनने का महत्व :** चूड़ियों को सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है। हरी चूड़ियों को सुहाग का प्रतीक माना जाता है। पति की लंबी उम्र, सुख-शांति की कामना करते हुए पहनती है। हरी चूड़ियाँ हरियाली, ताजगी और समृद्धि का प्रतीक भी मानी जाती है, जिन्हें पहनने से मानसिक और शारीरिक ऊर्जा को भी बढ़ाती है। वहीं, अविवाहित कन्याएं हरी चूड़ियाँ पहनकर अच्छे वर की प्राप्ति हेतु भगवान शिव और माता पार्वती से कामना करती है।

**सावन में किस दिन खरीदे हरी चूड़ियां :** सावन माह में शिव जी की कृपा पाने के लिए हरी चूड़ियां सोमवार या फिर शुक्रवार के दिन खरीद सकती हैं। ये दिन मां पार्वती और शिव जी से संबंधित है। धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने सावन के महीने में कठोर तप कर भगवान शिव को पति के रूप में पाया था। इसी कारण भगवान शिव को हरा रंग प्रिय है।

**हरी चूड़ियां पहनने के नियम :** हरी चूड़ियां खरीदने के तुरंत बाद न पहनें। बल्कि सोमवार या शुक्रवार के दिन पहले स्नान आदि करने के बाद मां पार्वती को चढ़ाएं। इसके बाद इन्हें पहना चाहिए। पहनते समय भगवान शिव का ध्यान करें और 108 बार 'ऊं नमः'शिवायः मंत्र का जाप करें। इसके साथ ही मन में सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करें।

## 30 साल बाद शनि होंगे मार्गी, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम



वैदिक ज्योतिष में शनि देव को आयु, दुख, रोग, पीड़ा, विज्ञान, तकनीकी, लोहा, खनिज तेल, कर्मचारी, सेवक, जेल आदि का कारक माना जाता है। साथ ही शनि देव समय- समय पर मार्गी होकर राजयोग और शुभ योग का निर्माण करते हैं। आपको बता दें कि शनि देव 2025 के अंत में शनि देव मार्गी होने जा रहे हैं, जिससे धन राजयोग बनेगा। ऐसे में कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है।

**वृष राशि :** धन राजयोग का बनना वृष राशि के लोगों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से 11वें स्थान पर मार्गी होने जा रहे हैं। साथ ही शनि देव दशम स्थान के स्वामी भी हैं। इसलिए इस समय आपको काम-कारोबार में सफलता मिल सकती है। वहीं आपकी आय में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इस अवधि में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। व्यवसायियों को नई डील्स या साझेदारियों से लाभ होगा।

**तुला राशि :** तुला राशि वाले जातकों के लिए शनि देव आपकी राशि से छठे स्थान पर मार्गी होने जा रहे हैं। साथ ही शनि देव आपकी राशि से पंचम और चतुर्थ स्थान के स्वामी हैं। इसलिए इस समय आपको भौतिक सुख प्राप्ति हो सकते हैं। साथ ही आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। कोर्ट- कचहरी के मामलों में सफलता, गुप्त शत्रुओं पर आप विजय पाएंगे। व्यापार विस्तार के लिए शुभ रहेगा।

**धनु राशि :** आप लोगों के लिए धन राजयोग का बनना लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से चतुर्थ भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपकी सुख- सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। शनि देव आपकी राशि से दूसरे और तीसरे स्थान के स्वामी हैं। इसलिए इस समय आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। साथ ही आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

### बच्चे सेहतमंद खाना खाते हैं तो वे बच सकते हैं सामान्य सर्दी-खांसी से

# बारिश में बच्चों की देखभाल जरूरी, रोग क्षमता बढ़ाने जरूर खिलाएं सेहतमंद खाद्य पदार्थ

मानसून के दौरान बच्चों को कई बीमारियों का सामना करना पड़ जाता है। इसका कारण है कि इस मौसम में नमी बढ़ जाती है, जो बैक्टीरिया और वायरस को पनपने का मौका देती है। हालांकि, अगर बच्चे सेहतमंद खाना खाते हैं तो वे सामान्य सर्दी-खांसी से बच सकते हैं। आइए आज हम आपको खान-पान की कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जो मानसून के दौरान बच्चों की प्रतिरक्षा को मजबूत बनाने में मदद कर



### नींबू पानी

नींबू विटामिन सी का एक बेहतरीन स्त्रोत है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के साथ पाचन को भी ठीक रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, नींबू में मौजूद तत्व शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने का भी काम कर सकते हैं। इसके लाभ पाने के लिए गर्म या ठंडे पानी में आधा कटा हुआ नींबू निचोड़कर उसका सेवन करें। बच्चों को देते समय आप नींबू पानी में थोड़ा-सा शहद भी मिला सकते हैं।

### लहसुन

लहसुन में कई ऐसे गुण होते हैं, जो बच्चों को संक्रमण और बीमारियों से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद तत्व अन्य पोषक तत्वों के साथ मिलकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने का काम कर सकते हैं। लहसुन को हर दिन बच्चों के खाने में किसी न किसी रूप में जरूर शामिल करें। यह बच्चों की सेहत में सुधार ला सकता है और सर्दी-जुखाम के इलाज में भी मदद कर सकता है।

### अंजीर

अंजीर एक तरह का फल और सूखा मेवा है। इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में आपकी सहायता कर सकते हैं। इसके अलावा, अंजीर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। आप चाहें तो बच्चों को सूखे अंजीर का सेवन करा सकते हैं या फिर अंजीर की चटनी बनाकर खिला सकते हैं। आप अंजीर से ये पौष्टिक व्यंजन तैयार कर सकते हैं।

### दही

दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो पाचन को सुधारने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, दही में कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आप चाहें तो बच्चों को दही की लस्सी बनाकर पिला सकते हैं या फिर दही को किसी अन्य फल के साथ मिलाकर खिला सकते हैं। यह डेयरी उत्पाद पेट को ठंडा करने में भी सहायता करता है।

## लघु या महारुद्राभिषेक, सावन में कौन सा अभिषेक करना होता है ज्यादा शुभ

पंचांग के अनुसार, इस साल सावन मास की शुरुआत 11 जुलाई से हुई है और इसका समापन 9 अगस्त को होगा। इस दौरान कुल 4 सावन सोमवार पड़ेंगे। इस दौरान रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है, जिससे शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भक्त पूरे मन से रुद्राभिषेक करते हैं ताकि उनकी सभी इच्छाएं पूर्ण हों। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सावन में लघु रुद्राभिषेक करना अधिक फलदायी होता है या महा रुद्राभिषेक? ऐसे में आइए जानते हैं दोनों अभिषेकों का महत्व और उनके लाभ।



**रुद्राभिषेक क्या है :** रुद्राभिषेक में भगवान शिव के शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इसमें जल, दूध, दही, घी, शहद, गन्ने का रस आदि चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके साथ ही, मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सावन माह में रुद्राभिषेक करने से घर में सुख-शांति आती है और शिव जी की कृपा प्राप्त होती है।

**लघु रुद्राभिषेक के लाभ :** लघु रुद्राभिषेक शिव की कृपा पाने का सरल और प्रभावशाली उपाय है। इसमें भक्त शिवलिंग पर जल, दूध, शहद अर्पित करते हुए 'ॐ नमः शिवाय' या महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हैं। इसमें आमतौर पर पार्थिव शिवलिंग या किसी शिव मंदिर में स्थित शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। यह पूजा विशेष रूप से मानसिक अशांति, तनाव, नींद की कमी और पारिवारिक कलह को दूर करने में मदद करती है।

**महारुद्राभिषेक के लाभ :** महा रुद्राभिषेक एक अत्यंत विस्तृत और प्रभावशाली वैदिक अनुष्ठान है, जिसमें विशेष पुजारियों द्वारा वेदों में वर्णित मंत्रों के साथ लंबा अभिषेक किया जाता है। इसमें अनेक वेदपाठी पंडित मिलकर विशेष मंत्रों के साथ शिवलिंग पर जल, दूध, घी, शहद और अन्य पवित्र द्रव्यों से अभिषेक करते हैं। यह पूजा विशेष रूप से उन लोगों के लिए की जाती है जिनकी कुंडली में गंभीर दोष जैसे कालसर्प, पितृ दोष या शनि दोष हो। ऐसा माना जाता है कि महा रुद्राभिषेक से जीवन में स्थिरता आती है। व्यक्ति को गंभीर रोगों से भी छुटकारा मिलता है।

## सावन में अगर दिखे सांप, तो क्या है इसका अर्थ? जानिए शुभ या अशुभ संकेत

सनातन धर्म में सावन का महीना बेहद पवित्र और पुण्यदायी माना गया है। यह समय भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है। जिस प्रकार सावन शिव भक्ति का प्रतीक है, उसी प्रकार शिव जी के गले में लिपटे हुए नाग को उनका दिव्य आभूषण माना जाता है। ऐसे में यदि सावन के दौरान आपको नाग या सांप दिखाई दे जाए, तो यह केवल एक संयोग नहीं बल्कि एक खास संकेत भी हो सकता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ऐसे दर्शन कई बार भविष्य से जुड़े शुभ या अशुभ संकेत भी दे सकते हैं।

**सावन के महीने में सांप का दिखना :** ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, सावन के पवित्र महीने में जीवित सांप का दिखाई देना बेहद शुभ संकेत माना जाता है। सांप का दर्शन शिव कृपा का प्रतीक माना जाता है। अगर आपको सावन के दौरान नाग देवता दिखाई दें, तो इसका अर्थ है कि आपकी मनोकामनाएं शीघ्र ही पूर्ण होने वाली हैं। ऐसे शुभ संकेत दिखने पर भगवान शिव की पूजा करें, जल अर्पित करें और अपने अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करें।

**मरा हुआ सांप दिखना :** अगर सावन में आपको मरा हुआ नाग या सांप दिखाई दे, तो इसे शुभ नहीं बल्कि अशुभ संकेत माना जाता है। ऐसी



घटना को नजरअंदाज न करें, बल्कि शिव जी के चरणों में शीश झुकाकर क्षमा प्रार्थना करें और अपनी गलतियों को सुधारने का संकल्प लें।

**सांप का रास्ता काटना :** सावन के महीने में यदि कोई सांप आपका रास्ता दाएं से बाएं काट जाए, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह संकेत देता है कि आप जिस काम के लिए जा रहे हैं, उसमें सफलता मिल सकती है और भगवान शिव की विशेष कृपा आप पर बनी हुई है। वहीं बाएं से दाएं तरफ रास्ता काटने पर सतर्कता बरतनी चाहिए।

**पेड़ पर चढ़ता हुआ सांप का दिखना :** सावन के महीने में अगर आपको कोई सांप पेड़ पर चढ़ता हुआ दिखाई दे, तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। यह संकेत देता है कि आपके जीवन में कोई सकारात्मक परिवर्तन आने वाला है।



## जुलाई से अगस्त तक अपने टेरेस गार्डन में उगाएं ये सब्जियां, बेहद आसान है तरीका

अगर आपके पास घर के अंदर या बाहर बागवानी करने के लिए ज्यादा जगह नहीं है तो आप अपने घर की छत पर ही खेती कर सकते हैं। इस तरह की खेती के लिए आप जुलाई से अगस्त तक की अवधि को चुन सकते हैं, क्योंकि इस दौरान हल्की धूप और पर्याप्त नमी होती है। आइए आज हम आपको ऐसी सब्जियों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आप इस दौरान अपने टेरेस गार्डन में उगा सकते हैं।

**पालक :** पालक एक ऐसी सब्जी है, जो कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसलिए इसे खान-पान में शामिल करना फायदेमंद होता है।

इस पत्तेदार सब्जी को आप आसानी से अपने टेरेस गार्डन में उगा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पालक के बीजों को गमले में डालें, फिर उन्हें रोजाना 2-3 बार पानी दें। 5-6 हफ्तों के अंदर पालक के पौधे तैयार हो जाएंगे, फिर आप उसे काटकर खाने में इस्तेमाल कर सकेंगे।

**मूली :** मूली भी एक ऐसी सब्जी है, जिसे आप अपने टेरेस गार्डन में बिना ज्यादा मेहनत के उगा सकते हैं। मूली को उगाने के लिए सबसे पहले इसके बीजों को गमले में डालें। इन बीजों को अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी में लगाएं और उन्हें रोजाना 2-3 बार पानी दें। 4-6 हफ्तों के अंदर मूली के पौधे तैयार हो जाएंगे। वैसे तो मूली को किसी भी मौसम में उगाया जा सकता है, लेकिन बरसात में इसे उगाना सबसे सही रहता है।

**धनिया :** धनिया एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल कई तरह के पकवानों में किया जा सकता है। इसे उगाना भी काफी आसान है और यह हर व्यंजन के स्वाद को भी बढ़ाती है। सबसे पहले धनिये के बीजों को गमले में डालें और ऊपर से थोड़ी-सी मिट्टी डालें। इसके बाद इसे रोजाना थोड़ा पानी दें, ताकि मिट्टी सख्त न हो जाए। कुछ दिनों में ही धनिया के पौधे उगने शुरू हो जाएंगे।



### पुदीना

पुदीना भी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल भोजन में ताजगी और खुशबु जोड़ने के लिए किया जाता है। यह जड़ी-बूटी भी आसानी से टेरेस गार्डन में उगाई जा सकती है। इसके लिए सबसे पहले पुदीने की जड़ वाले तने को गमले में लगाएं और ऊपर से हल्की मिट्टी डालें। इसके बाद इसे रोजाना हल्का पानी दें, ताकि मिट्टी मुलायम बनी रहे। कुछ ही दिनों में पुदीने के पौधे उग जाएंगे, जो खाने योग्य होंगे।

### हरी मिर्च

हरी मिर्च हर भारतीय पकवान का हिस्सा होती है, जिसे आप अपने टेरेस गार्डन में उगा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले हरी मिर्च के बीजों को गमले में डालें, फिर उन्हें रोजाना 2-3 बार पानी दें। 4-6 हफ्तों के अंदर हरी मिर्च के पौधे तैयार हो जाएंगे, फिर आप इन्हें काटकर इस्तेमाल कर सकेंगे। अच्छी बात यह होगी कि इन सभी पौधों को बरसात के कारण भी पर्याप्त पानी मिल जाएगा।

कार्नर न्यूज

### पौधे कार्यस्थल को सुंदर बनाते हैं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी डालते हैं अच्छा प्रभाव

# ऑफिस के माहौल को सकारात्मकता और ताजगी से भरपूर बनाते हैं पौधे

ऑफिस में काम करना कई लोगों के लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अगर आप अपने ऑफिस के माहौल को सकारात्मक और ताजगी से भरपूर बनाना चाहते हैं तो इसके लिए पौधे एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पौधे न केवल आपके कार्यस्थल को सुंदर बनाते हैं, बल्कि वे मानसिक स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव डालते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे पौधों के बारे में बताते हैं, जिन्हें ऑफिस के डेस्क पर रखना फायदेमंद है।



### कम देखभाल वाला स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट एक ऐसा पौधा है, जिसे कम देखभाल की जरूरत होती है और इसे कहीं भी रखा जा सकता है। यह पौधा ऑक्सीजन का उत्पादन करता है और हानिकारक तत्वों को अवशोषित करके हवा को साफ रखता है। इसे हर 2-3 सप्ताह में एक बार पानी देने की जरूरत होती है और यह कम रोशनी में भी अच्छी तरह बढ़ता है, जिससे यह आपके ऑफिस के माहौल को ताजगी भरा बना सकता है।

### ऑक्सीजन उत्पादन करता है एलोवेरा

एलोवेरा एक ऐसा पौधा है, जो न केवल त्वचा की देखभाल में काम आता है बल्कि ऑफिस के माहौल को भी बेहतर बना सकता है। यह पौधा ऑक्सीजन का उत्पादन करता है और हवा से हानिकारक तत्वों को दूर करता है। इसे हर 2-3 सप्ताह में एक बार पानी देने की जरूरत होती है। एलोवेरा पौधे को कम रोशनी में भी रखा जा सकता है, जिससे यह आपके ऑफिस के माहौल को ताजगी भरा बना सकता है।

### सुंदर सफेद फूलों वाली पीस लिली

पीस लिली अपने सुंदर सफेद फूलों के लिए जानी जाती है। यह पौधा हवा से हानिकारक तत्वों को अवशोषित करता है और ऑक्सीजन का उत्पादन करता है, जिससे आपके ऑफिस का माहौल साफ होता है। इसे हर हफ्ते केवल एक बार पानी देने की जरूरत होती है। इस पौधे को कम रोशनी वाले स्थान पर भी रखा जा सकता है। पीस लिली न केवल आपके कार्यस्थल को सुंदर बनाती है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव डालती है।



### एक खास पौधा है स्पाइडर प्लांट

स्पाइडर प्लांट एक खास पौधा है, जिसे कहीं भी रखा जा सकता है। यह पौधा हवा से हानिकारक तत्वों को दूर करता है और ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इसे हर हफ्ते केवल एक बार पानी देने की जरूरत होती है। स्पाइडर प्लांट को कम रोशनी वाले स्थान पर भी रखा जा सकता है। यह आपके कार्यस्थल को ताजगी भरा बनाता है और मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालता है।

### मोटे पत्तों वाला रबर प्लांट

रबर प्लांट अपने मोटे पत्तों के लिए जाना जाता है, जो धूल-मिट्टी को अवशोषित करके हवा को साफ रखते हैं। इसे हर 2-3 सप्ताह में एक बार पानी देने की जरूरत होती है और यह कम रोशनी वाले स्थान पर भी बढ़ सकता है। रबर प्लांट कार्यस्थल को न केवल सुंदर बनाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव डालता है। इन सभी पौधों को अपने ऑफिस के डेस्क पर रखकर आप सकारात्मकता का अनुभव कर सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्शन मूवी द अकाउंटेंट टू का जलवा बॉक्स ऑफिस पर की ताबड़तोड़ कमाई



बेन अफ्लेक की नई फिल्म द अकाउंटेंट टू ने स्ट्रीमिंग पर जबरदस्त सफलता हासिल की है। इस फिल्म ने प्राइम वीडियो पर बड़ा रिकॉर्ड बना लिया है। बेन अफ्लेक, जो एक्टर, राइटर और डायरेक्टर हैं, पहली बार 1997 में गुड विल हंटिंग फिल्म से बड़े स्टार बने थे। उस फिल्म के लिए उन्होंने मैट डेमन के साथ मिलकर स्क्रिप्ट लिखी थी और ऑस्कर भी जीता था। इसके बाद बेन अफ्लेक की कई फिल्में हिट रहीं. उन्हें दो बार ऑस्कर मिल चुका है। अब तक उनकी फिल्मों ने दुनियाभर में 6.4 बिलियन डॉलर से ज़्यादा का कारोबार किया है। उनकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बैटमैन वी सुपरमैनः डॉन ऑफ जस्टिस है, जिसने 874.4 मिलियन डॉलर कमाए थे। इसके अलावा आर्मागेडन, पर्ल हार्बर और गॉन गर्ल जैसी फिल्में भी हिट रहीं। अब उनकी नई फिल्म द अकाउंटेंट टू ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बना ली है। 2025 में रिलीज हुई द अकाउंटेंट टू को लोग खूब देख रहे हैं। ये 2016 में आई द अकाउंटेंट का सीक्वल है। इस बार कहानी में बेन अफ्लेक और जॉन बर्नथल दो भाई बने हैं। जो मिलकर एक खतरनाक गैंग का पीछा करते हैं। फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमा में रिलीज हुई थी। इसने 80 मिलियन डॉलर के बजट पर 103.1 मिलियन डॉलर की कमाई की। फिलहाल ये 2025 की 19वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म ने एलियो, अ वर्किंग मैन, द मंकी, अनटिल डॉन, और वन ऑफ देम डेज जैसी फिल्मों से ज्यादा कमाई की है। द अकाउंटेंट टू अब प्राइम वीडियो पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली दूसरी फिल्म बन चुकी है।

### टॉलीवुड

## 34 साल का लड़का बना महंगा म्यूजिक कंपोजर, 1 फिल्म की फीस है 15 करोड़!




अनिरुद्ध रविचंदर इंडियन सिनेमा में अपने म्यूजिक से धमाल मचा रहे हैं। खास बात है कि म्यूजिक के लिए बड़े सुपरस्टार्स की पहली पसंद बन गए हैं। 34 साल के म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर ने अब तक इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है, जिसमें शाहरुख खान और रंजनीकांत भी शामिल हैं। जवान और जेलर का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने ही तैयार किया था। अब खबर है कि अनिरुद्ध ने अपनी फीस बढ़ा दी है. तेलुगु सिनेमा की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनिरुद्ध ने अपनी आने वाली तेलुगु फिल्मों के लिए फीस में काफी इजाफा कर दिया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने डायरेक्टर श्रीकांत ओडेला की द पैराडाइज (नानी की फिल्म) के लिए करीब 12 करोड़ रुपए चार्ज किए थे। अब अनिरुद्ध तेलुगु फिल्मों के लिए 15 करोड़ रुपए फीस की डिमांड कर रहे हैं। अब वह कम प्रोजेक्ट्स चुन रहे हैं और बड़ी फीस वसूल रहे हैं। हालांकि, इन आंकड़ों की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, क्योंकि अनिरुद्ध या उनकी टीम की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। फिलहाल, अनिरुद्ध साउथ इंडियन और हिंदी सिनेमा की फिल्मों पर फोकस कर रहे हैं। इन दिनों वह रजनीकांत की कुली को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का पहला सिंगल चिकितु हाल ही रिलीज हुआ, जो वायरल हो गया है। इस गाने ने न सिर्फ फैंस को अपनी धुनों से झूमने पर मजबूर कर दिया, बल्कि रजनीकांत के आइकॉनिक स्टाइल को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौटा लाया।

### भोजपुरी

## माही और गोल्डी की नई जुगलबंदी 'साड़ी लेयादी बनारस से' सॉन्ग रिलीज



भोजपुरी की पॉपुलर एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव जब भी किसी भोजपुरी सॉन्ग में नजर आती हैं तो वह अपने डांस और एक्टिंग से फैन्स का दिल जीत लेती हैं। माही श्रीवास्तव की एक्टिंग और डांस से सजा नया भोजपुरी गीत 'साड़ी लेयादी बनारस से' रिलीज हो गया है। इस भोजपुरी सांग को मशहूर सिंगर गोल्डी यादव ने गाया है। इस भोजपुरी सॉन्ग में गोल्डी यादव की आवाज और माही श्रीवास्तव की परफॉर्मेंस दोनों ही शानदार हैं। यह भोजपुरी गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस भोजपुरी सॉन्ग के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव किसी को अपनी पत्नी की नई साड़ी देते हुए देखती है तो उसका भी मन नई साड़ी पहनने का होता है। वह अपने हसबैंड को फोन करके कहती है कि राजा हो राजा हमके उपहार चाही जी, गरवा के हार अ सिंगार चाही जी, एगो साड़ी लाई जाके बनारस बलम...'। भोजपुरी सांग 'साड़ी लेयादी बनारस से' को लेकर माही श्रीवास्तव ने कहा, 'हर गाना मेरे लिए खास होता है। यह सांग भी दिल के बहुत करीब है। इसका सब्जेक्ट बहुत प्यारा है। इस गाने की शूटिंग करना बहुत मजेदार था। भोजपुरी सांग 'साड़ी लेयादी बनारस से' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकास यादव हैं।

## रैंप पर उतर आईं समुद्र की लहरें

### लाइफ स्टाइल



वैशाली शदंगुले भारत की पहली महिला फैशन डिजाइनर हैं, जिन्होंने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू किया था। उनकी ड्रेसेज हमेशा अलग स्टाइल की होती हैं और उनकी अनोखी क्रिएटिविटी देख हर कोई हैरान रह जाता है। इस बार भी उनका कलेक्शन दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने इस फैशन वीक में ओशियन इंस्पायर डिजाइन पेश किए जो ऐसिमेट्रिकल, अनफिनिश्ड, उबड़-खाबड़ और बेजोड़ थे। इन्हें देख लग रहा था जैसे समुद्र की लहरें पानी से उठकर रैंप पर उतर आई हों। इस दौरान उन्होंने अपने 25 ड्रेस कलेक्शन को डिस्प्ले किया।

## रिमझिम बारिश में भी सुंदर दिखने पहनें ऐसी पोशाक जो हों आरामदायक व स्टाइलिश

मानसून का मौसम उमस और बारिश लेकर आता है, जो अक्सर कपड़ों को गंदा कर देता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि आप अपने स्टाइल को छोड़ दें। सही कपड़े चुनकर और थोड़ी सावधानी बरतकर आप मानसून के मौसम में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे कपड़े और फैशन टिप्स देंगे, जो मानसून के दौरान आपको न केवल आरामदायक रखेंगे, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएंगे।

**हल्के रंगों के कपड़े चुनें :** मानसून के दौरान हल्के रंगों के कपड़े पहनना सबसे अच्छा रहता है। ये न केवल आपको ठंडक देंगे, बल्कि इसपर बारिश के छीटों के निशान भी कम दिखाई देंगे। सफेद, पीला, हल्का नीला या गुलाबी जैसे रंग मानसून के लिए बेहतरीन हैं। इन रंगों के कपड़े आपको तरो-ताजा महसूस कराएंगे। इसके अलावा, हल्के रंगों के कपड़े धूप में जल्दी सूख भी जाते हैं, जिससे आपको अधिक आरामदायक महसूस होगा।



**सूती कपड़ों का करें चयन :** सूती कपड़े मानसून के लिए सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये नमी को जल्दी सोख लेते हैं और त्वचा को हवा लगने देते हैं। सूती साड़ी, सलवार-कमीज या कुर्ता-पजामा पहनकर आप न केवल आरामदायक महसूस करेंगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखेंगी। सूती कपड़े हल्के होते हैं और बारिश में भीगने के बाद जल्दी सूख जाते हैं, जिससे आपको मानसून के दौरान अधिक आरामदायक महसूस होगा।

### छाता साथ रखें

छाता मानसून के दौरान बहुत जरूरी होता है, क्योंकि यह बारिश से बचाता है और कपड़ों को गंदा होने से भी रोकता है। एक हल्का और मजबूत छाता चुनें, जिसे आप आसानी से साथ लेकर चल सकें। इसके अलावा, अगर आप बाहर जा रही हैं तो एक छोटा बैग या पर्स रखें, जिसमें आपका छाता आसानी से समा जाए। इससे आप बारिश में भीगने से बच जाएंगी और आपका स्टाइल भी बरकरार रहेगा।

### हल्के मेकअप का करें उपयोग

मानसून में भारी मेकअप करना सही नहीं होता, क्योंकि यह पसीने और नमी के कारण फैल सकता है। इसलिए हल्का मेकअप ही करें, जिसमें मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन, काजल और लिप बाम शामिल हों। इससे आपका चेहरा सुंदर दिखेगा और पसीने से बचा रहेगा। इसके अलावा, फाउंडेशन के बजाय कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन सरल फैशन टिप्स की मदद से आप मानसून के मौसम में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

## काली जींस के साथ बहुत अच्छे लगते हैं इन रंगों वाले टॉप

### फैशन



महिलाओं को काले रंग की जींस पसंद होती है, जो हर परिधान के साथ जंचती है। यह न केवल स्टाइलिश दिखती है, बल्कि हर मौके पर पहनने के लिए सही रहती है। अगर आप सोच रही हैं कि काले रंग की जींस के साथ कौन-से टॉप पहनने चाहिए तो चिंता न करें।

आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसे रंगों के टॉप बताएंगे, जो काली जींस के साथ अच्छे लगते हैं और आपको आकर्षक दिखा सकते हैं।

**सफेद रंग का टॉप :** सफेद रंग का टॉप हमेशा से ही काली जींस के साथ बढ़िया लगता है। आप इन संयोजन को अपनाकर सबसे सुंदर दिख सकती हैं। सफेद टॉप पहनकर आप एक साफ-सुथरा और पेशेवर लुक पा सकती हैं। इसे आप ऑफिस, कॉलेज या किसी भी औपचारिक मौके पर पहन सकती हैं। आप काली जींस के ऊपर सफेद रंग की शर्ट, टी-शर्ट, ऑफ शोल्डर टॉप या हाल्टर नेक टॉप स्टाइल कर सकती हैं।

**लाल रंग का टॉप :** लाल रंग का टॉप काली जींस पर जंचता है और सभी का ध्यान आकर्षित कर सकता है। अगर आप किसी पार्टी या खास जगह पर जाना चाहती हैं तो काली जींस पर लाल रंग का टॉप एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे पहनकर आप न केवल आकर्षक दिखेंगी, बल्कि आत्मविश्वास से भरपूर भी महसूस करेंगी। लाल रंग जुनून, प्यार, शक्ति और इच्छा को दर्शाता है और काले के साथ बहुत अच्छा लगता है।

**नीले रंग का टॉप :** काली जींस के साथ नीले रंग वाला टॉप भी बहुत शानदार लग सकता है। यह रंग न केवल आपको ताजगी देगा, बल्कि यह आपको युवा और ऊर्जा से भरपूर भी दिखाएगा। नीले रंग का टॉप ऑफिस, कॉलेज या दोस्तों के साथ बाहर जाने के लिए सही है। आप अवसर और समय के अनुसार नीले के गहरे या हल्के शेड में से चुनाव कर सकती हैं। इस रंग का टॉप काले रंग की डेनिम जींस के साथ सबसे बढ़िया लगेगा।

**पीले रंग का टॉप :** पीले रंग का टॉप गर्मियों में काली जींस के साथ बहुत अच्छा लगता है। यह रंग आपको खुशमिजाज दिखाएगा और सकारात्मक ऊर्जा से भर देगा। पीले रंग के टॉप के साथ काली जींस पहनकर आप एक आकर्षक और आरामदायक लुक पा सकती हैं। इन दिनों बटर येलो यानि मक्खन वाला पीला रंग बहुत चलन में है। इस रंग के टॉप को आप काली जींस के साथ पेयर करके सबसे अलग दिख सकती हैं।

**हरे रंग का टॉप :** हरे रंग का टॉप भी काली जींस के साथ बहुत बढ़िया लगता है। यह रंग आपको ताजगी देगा और पर्यावरण के प्रति आपकी संवेदनशीलता को दर्शाएगा। हरे रंग का टॉप कॉलेज, स्कूल या दोस्तों के साथ बाहर जाने के लिए बढ़िया रहता है।

## हिमाचल के पारंपरिक परिधानों को करें अपने फैशन में शामिल, पहन कर देखें

हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक कपड़े अपनी रंगीनता और विविधता के लिए जाने जाते हैं। ये कपड़े न केवल वहां की संस्कृति को दर्शाते हैं, बल्कि पहनने वाले को एक खास पहचान भी देते हैं। हिमाचली कपड़े अपने अनोखे डिजाइन और रंगों की वजह से बेहद आकर्षक लगते हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपको अपनी अलमारी में कौन-से हिमाचली कपड़े शामिल करने चाहिए। आज इन्हें पहनकर सबसे ज्यादा सुंदर लगेंगी।

**चोली और कुर्ती :** हिमाचल प्रदेश की महिलाएं चोली और कुर्ती पहनती हैं, जो कि बहुत ही सुंदर और आरामदायक होती हैं। ये कपड़े न केवल पारंपरिक होते हैं, बल्कि इनमें कढ़ाई का काम भी होता है, जो इन्हें खास बनाता है। चोली और कुर्ती को आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं, चाहे वह त्योहार हो या कोई शादी-ब्याह का कार्यक्रम। इनकी रंगीनता और डिजाइन आपको एक अलग ही लुक देते हैं।



### आरामदायक सूती व ऊनी पायजामा

पायजामा हिमाचली कपड़ों का एक अहम हिस्सा है, जो कि बहुत ही आरामदायक होता है। यह पायजामा आमतौर पर सूती या ऊनी कपड़े से बने होते हैं और इनमें कढ़ाई का काम भी होता है। सर्दियों में ऊनी पायजामा पहनना सबसे अच्छा रहता है, क्योंकि यह आपको गर्म रख सकता है।

### दुनिया में प्रसिद्ध हिमाचली टोपी

हिमाचली टोपी भी पूरी दुनिया में बहुत प्रसिद्ध है, जिसे हर उम्र के लोग पहनते हैं। इस टोपी को 'कुल्ला' भी कहा जाता है, जो आमतौर पर ऊनी होती है और इसमें रंग-बिरंगे धागों से कढ़ाई की जाती है। कुल्ला न केवल सिर को गर्म रखता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना सकता है। इसे आप किसी भी पारंपरिक या आधुनिक कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी बढ़ जाएगा।

## चमड़े के फैशन आइटम बैग, जूते, जैकेट का ऐसे रखें ध्यान, नहीं होंगे खराब

मानसून के दौरान नमी और बारिश के कारण चमड़े के फैशन आइटम को खास देखभाल की जरूरत होती है। इस मौसम में बारिश के संपर्क में आने से चमड़े के बैग, जूते और जैकेट खराब हो सकते हैं।इसके अलावा, नमी के कारण इन पर फफूंद लग सकती है या ये छिल सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देते हैं, जिनकी मदद से मानसून के दौरान आप आपके चमड़े के फैशन आइटम को सुरक्षित रख सकेंगे।

**पानी के संपर्क में आने से बचाएं :** चमड़े के फैशन आइटम को पानी के संपर्क में आने से बचाना सबसे जरूरी है। अगर आपको बारिश में बाहर जाना है तो अपने चमड़े के बैग या जूतों को प्लास्टिक की थैली में रखें। इसके अलावा, अगर चमड़े के फैशन आइटम पर पानी गिर भी जाए तो तुरंत एक मुलायम कपड़े से उन्हें पोंछ दें। कभी भी गीले चमड़े की चीजों को सीधे धूप में न रखें, वर्ना उनका रंग फीका पड़ सकता है।



**नियमित रूप से साफ करें :** मानसून के दौरान चमड़े के फैशन आइटम पर धूल और गंदगी जम सकती है, इसलिए इन्हें नियमित रूप से साफ करना जरूरी है। इसके लिए एक मुलायम कपड़े या ब्रश से उन्हें हल्के हाथों से पोंछे। आप चाहें तो इसके लिए हल्के साबुन के घोल का भी उपयोग कर सकते हैं। ध्यान रखें कि साबुन बहुत कठोर न हो, ताकि चमड़े को नुकसान न पहुंचे। इसके बाद एक मुलायम तौलिये से उन्हें पोंछे और हवा लगने दें।

**नमी बनाए रखने के लिए उपाय :** चमड़े की चीजें नमी सोखती हैं, जिससे वे सूख जाती हैं और फट जाती हैं। इससे बचाने के लिए अपने चमड़े के फैशन आइटम पर नमी बनाए रखें, जिसके लिए उनपर मॉइस्चराइजर लगाना सही निर्णय हो सकता है। आप चाहें तो इसके लिए बाजार में उपलब्ध मॉइस्चराइजर के बजाय जैतून का तेल या नारियल का तेल भी उपयोग कर सकते हैं। इससे चमड़े को नमी मिलेगी और वह मुलायम बना रहेगा।

**फफूंद से बचाएं :** मानसून के दौरान ज्यादा नमी के कारण फफूंद लगने की संभावना ज्यादा रहती है। इससे बचाने के लिए अपने चमड़े के फैशन आइटम को सूखी और हवादार जगह पर रखें। इसके अलावा, समय-समय पर हल्के हाथों से उसे पोंछे, ताकि फफूंद न लग सके।

### कार्नर न्यूज

## बारिश से बचाव हो सके और आप हर हाल में अच्छे दिखें

# लड़के चुनें आराम और स्टाइल के लिए ऐसे कपड़े जिसमें दिखें सबसे अलग

मानसून का मौसम अपने साथ उमस और बारिश लेकर आता है, जो कपड़ों को चुनने में मुश्किलें खड़ी कर देता है। इस मौसम में पुरुषों को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो न सिर्फ आरामदायक हों, बल्कि स्टाइलिश भी दिखें। इस दौरान सही कपड़ों का चयन करना जरूरी है, ताकि नमी और बारिश से बचाव हो सके और आप हर हाल में अच्छे दिखें। आज के फैशन टिप्स में जानिए कि मानसून में पुरुषों को कैसे कपड़े पहनने चाहिए।



### सूती कपड़ों का चयन करें

सूती कपड़े मानसून के लिए सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोख लेते हैं। मानसून में सूती शर्ट, टी-शर्ट और पैंट पहनें, ताकि आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगे। सूती कपड़ों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे ढीले-ढाले हों, ताकि हवा का संचार होता रहे और आप नमी से बचे रहें। इसके अलावा, सूती कपड़े बारिश में भीगने के बाद भी जल्दी सूख जाते हैं।

### हल्के कपड़ों का इस्तेमाल करें

मानसून में मोटे कपड़े पहनना सही नहीं होता, क्योंकि उन्हें पहनकर पसीना आ सकता है और असुविधाजनक महसूस हो सकती है। इसलिए लिनन या सूती से बने हल्के कपड़ों का चयन करना बढ़िया रहता है। ये कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि गर्मी से भी बचाकर रखते हैं। इसके अलावा, हल्के कपड़े पहनने से आप हर स्थिति में तरोताजा और ठंडक भी महसूस कर सकते हैं। इन कपड़ों में हवा का संचार भी होता रहता है।

### हल्के रंगों के कपड़े चुनें

मानसून के दौरान हल्के रंगों के कपड़े पहनना सबसे अच्छा रहता है। ये न केवल आपको तरोताजा महसूस कराएंगे, बल्कि इनमें बारिश के पानी के दाग भी कम नजर आएंगे। सफेद, हल्का नीला, पीला या हल्का हरा जैसे रंग इस मौसम के लिए बढ़िया रहते हैं। इन रंगों के कपड़े पहनने से आप न केवल आरामदायक महसूस करेंगे, बल्कि मौसम की उमस से भी बचे रहेंगे। साथ ही हल्के रंग के कपड़े आपको हर स्थिति में स्टाइलिश दिखाएंगे।



### हल्की जैकेट पहनें

बारिश के दिनों में ठंड लग सकती है, इसलिए आप अपने साथ एक हल्की जैकेट रख सकते हैं। जब जरूरत पड़े तो उसे पहन लें। लिनन या सूती कपड़े से बनी हल्की जैकेट अच्छी विकल्प हो सकती हैं। ये न केवल आपको ठंड से बचाएगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएगी। इसके अलावा, इन जैकेट की मदद से आप बारिश से भी बच सकते हैं और आरामदायक महसूस कर सकते हैं। इन्हें आप किसी भी कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

### सही जूते चुनें

मानसून में जूते चुनते समय फिसलन रहित तलवों वाले जूतों का चयन करें, ताकि फिसलन वाली सतहों पर चलना आसान हो। रबर या पीवीसी तलवों वाले जूते इस मौसम के लिए सबसे अच्छे होते हैं। इसके अलावा, वाटर प्रूफ जूते भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं, जो बारिश के पानी से प्रभावित नहीं होते।